राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 216
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 01 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट रैपिड रेल के 22 स्टेशन होंगे
पेज 4 लखनऊ में कपड़ा कारोबारी ने पत्नी-बेटी के साथ जान दी
पेज 6 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हो सकता है नीरज और अरशद का

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र में पिता ने 9 साल की बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या की

महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने अपनी 9 साल की बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, बच्ची गौरी साइकिल चलाते समय गिर गई थी। वह अक्सर बीमार रहती थी, जिससे उसके पिता ज्ञानेश्वर जाधव परेशान रहते थे। रविवार को जब वह साइकिल से गिरी तो पिता को गुस्सा आ गया और उन्होंने नशे की हालत में सोती हुई बच्ची पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी ने 24 घंटे तक बच्ची का शव घर में ही रखा। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### अमरनाथ के लिए जम्मू में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए है। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि कल तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे। हर सेंटर पर रोजाना सिर्फ दो हजार श्रद्धालुओं का ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रशासन की ओर से स्पेशल रजिस्ट्रेशन सेंटर बनाए गए हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग


मालकिन रो रही थी
तभी जाकर नौकरानी ने पूछा- क्या हुआ मालकिन
मालकिन- मुझे शक है की तेरे मालिक का ऑफिस में किसी लड़की के साथ चक्कर चल रहा है
नौकरानी- नहीं मालकिन, ऐसा मत सोचिए
मालिक मुझे धोखा नहीं दे सकते......



### शायरी

हैरत से तकता है सहरा बारिश के नज़राने को
कितनी दूर से आई है ये रेत से हाथ मिलाने को

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,606.46
-452.44 (0.54%)
निफ्टी:
25,517.05
-120.75

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 5 : 35
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 22

# हिमाचल में भारी बारिश- 285 सड़कें बंद, 39 की मौत

## लैंडस्लाइड के बाद टनल में 5 घंटे फंसी रहीं गाड़ियां; बिहार में 5 लोगों पर बिजली गिरी

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ/ कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल



के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं। बिहार के भोजपुर, बक्सर और नालंदा में बिजली गिरने से 5 की मौत हो गई। वहीं, गया के इमामगंज में लगुराही वाटरफॉल में रविवार को अचानक पानी बढ़ गया। तेज बहाव में 6 लड़कियां बह गईं। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मौसम विभाग के अनुसार, आज 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश होगी। उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में तेज बारिश का ऑरेंज और 17 राज्यों में यलो अलर्ट है।

### जम्मू में मकान पर बिजली गिरी, परिवार की जान बची

जम्मू शहर के बाहरी इलाके में सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक घर पर बिजली गिरी, जिससे घर को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना जम्मू जिले के बिश्नाह तहसील के धिनाडी खुर्द गांव की है। बिजली गिरने के कारण घर के कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो गए।



## तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका

# 12 मजदूरों की मौत, 34 जख्मी





### अबतक 4 शव बरामद; ब्लास्ट के वक्त 150 लोग मौजूद थे

**संगारेड्डी।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8ऱ.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ।

राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा- अबतक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। आईजी वी सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि NDRF, DRF, SDRF की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की संभावना जताई गई है।

इधर, पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए ब्लास्ट की घटना पर दुख जताया। पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की।

### धमाके से कई मीटर दूर जा गिरे मजदूर

एक मजदूर ने बताया कि मैं सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था। सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट में मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई।

एक मजदूर की महिला परिजन ने बताया कि उनके परिवार के चार लोग फैक्ट्री में काम करते हैं। इनमें उनका बेटा, दामाद, जेठ और देवर शामिल हैं। इनमें से तीन सुबह की शिफ्ट में थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है।

कंपनी के एक कर्मचारी ने बताया कि अधिकतर मजदूर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। एक शिफ्ट में 60 से ज्यादा मजदूर और 40 अन्य लोगों का स्टाफ काम करता है।

## भोपाल में लिव इन पार्टनर की गला घोंटकर हत्या

**भोपाल।** भोपाल में एक युवक ने लिव इन पार्टनर की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को चादर में लपेटकर बेड पर रखा। दो रात शव के पास ही सोया। घटना स्टेशन बजरिया इलाके में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की है। वारदात के बाद युवक नशे की हालत में दोस्त के पास पहुंचा और हत्या करने की बात बताई। दोस्त ने उसकी बातों पर भरोसा नहीं किया। जब सोमवार फिर उसने यह बात कही, तब इस मामले का खुलासा हो सका। रात में पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी शिल्पा कौरव के मुताबिक, करारिया फॉर्म गायत्री नगर में मकान नंबर 34 में रितिका सेन (29) आरोपी सचिन राजपूत के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों साढ़े तीन साल से एक साथ रह रहे थे। 2 दिन पहले आपसी विवाद के बाद सचिन ने रितिका की हत्या कर दी।

# लापता जूएनयू स्टूडेंट नजीब अहमद का केस बंद




### दिल्ली की अदालत ने कहा- सीबीआई को दोषी नहीं ठहरा सकते, उसने सभी विकल्प आजमा लिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को सीबीआई को 15 अक्टूबर 2016 को लापता हुए जेएनयू के फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट नजीब अहमद का मामला बंद करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी ने जांच के सभी विकल्प आजमा लिए हैं। सुनवाई करते हुए एडीशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ज्योति माहेश्वरी ने भी उम्मीद जताई कि नजीब का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा। कोर्ट ने कहा- अदालत को इस बात का खेद है कि इस मामले में कार्यवाही क्लोजर रिपोर्ट के साथ खत्म हो गई है, लेकिन नजीब की मां और परिवार के लिए अभी भी कोई क्लोजर नहीं है।

हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई को अहमद के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो वह जांच दोबारा शुरू कर सकती है।

दरअसल, नजीब अहमद 15 अक्टूबर 2016 को जेएनयू के माही-मांडवी छात्रावास से लापता हो गया था। इससे एक दिन पहले एबीवीपी से जुड़े कुछ छात्रों के साथ हाथापाई हुई थी।

## अमृतसर पुलिस-बीएसएफ-राजस्थान पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पाक बॉर्डर से 420 करोड़ की हेरोइन जब्त, पाक-कनाडा से जुड़े ड्रग सिंडिकेट पकड़ा, 9 गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बीएसएफ और राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। राजस्थान के बाड़मेर में भारत-पाक सीमा के पास से 60 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, यह नेटवर्क पाकिस्तान के तनवीर शाह द्वारा संचालित किया जा रहा था, जबकि विदेश में इसका संचालन कनाडा स्थित जोबन कालर संभाल रहा था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि



केस में लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं और जांच जारी है, जल्द और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### देशभर से 9 मुख्य आरोपी गिरफ्तार

इस नेटवर्क से जुड़े 9 मुख्य ऑपरेटिव और हवाला नेटवर्क से जुड़े एजेंटों को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आरोपी ड्रग्स की तस्करी, वितरण और हवाला के माध्यम से फंडिंग में शामिल थे।

डीजीपी पंजाब ने ट्वीट कर कहा है कि वह पंजाब को नार्को-टेररिज्म से मुक्त कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस ने इस बात पर जोर दिया है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर कार्रवाई की जा रही है।

# कोलकाता गैंगरेप- तीनों आरोपियों के डीएनए सैंपल लिए गए

## पुलिस को शक- पहले से प्लानिंग करके वारदात को अंजाम दिया गया

**कोलकाता।** कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से गैंगरेप के मामले में सोमवार को तीनों आरोपियों के डीएनए सैंपल लिए गए। कॉलेज के पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा, छात्र प्रतीम मुखर्जी और जैद अहमद को कलकत्ता मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी बॉडी के फ्लूइड, पेशाब और बालों के नमूने लिए गए। यह प्रक्रिया करीब आठ घंटे तक चली। वहीं, पुलिस को संदेह है कि पहले से योजना बनाकर विक्टिम के साथ इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, यह पूरी घटना पहले से तय थी। तीनों आरोपियों ने कई दिन पहले से पीड़िता को टारगेट किया था। मिश्रा ने पीड़िता को कॉलेज में दाखिला



लेने के पहले दिन से ही निशाने पर लिया था। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी यहीं का पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा (31) है। इसमें दो वर्तमान छात्र जैब अहमद (19), प्रमित मुखर्जी (20) और एक गार्ड पिनाकी (55) भी शामिल हैं। जांच के लिए 9 मेंबर्स की एसआईटी बनाई गई है।

### पुलिस ने सबूतों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा

पुलिस ने कॉलेज के यूनियन रूम, गार्ड रूम और बाथरूम से जब्त किए गए सबूतों को भी फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। इसके साथ ही वारदात का 1.5 मिनट का एक वीडियो भी फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जो मुख्य आरोपी मिश्रा के मोबाइल फोन से बरामद हुआ था। अब यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं यह वीडियो किसी और को भेजा गया या नहीं।

जांच में यह भी सामने आया है कि मिश्रा, मुखर्जी और अहमद पहले भी कॉलेज की अन्य छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न कर चुके हैं और उन घटनाओं के वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करते थे। इस मामले की जांच कर रही 9 सदस्यीय एसआईटी ने करीब 25 लोगों की एक सूची बनाई है जो 25 जून की शाम को कॉलेज में मौजूद थे। इन सभी से पूछताछ की जाएगी।

# तेलंगाना भाजपा विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। तेलंगाना में भाजपा अध्यक्ष चुनाव के



लिए आज नामांकन किया जा रहा है। रामचंदर ने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। दूसरे किसी नेता ने अब तक नामांकन नहीं किया है। ऐसे में एक जुलाई को अध्यक्ष के तौर पर रामचंदर के नाम का ऐलान किए जाने की संभावना है। उधर, रामचंदर के नाम पर नाराजगी जाहिर कर रहे टी राजा को 2022 में पार्टी से निलंबित किया जा चुका है। निलंबन अक्टूबर 2023 में वापस ले लिया गया था।

## धमकी

### ई-मेल में लिखा- चारों ओर विस्फोटक है, लोग मर जाएंगे, हाथ-पैर और सिर कट जाएंगे

# आगरा समेत 18 एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी

आगरा। 'एयरपोर्ट के चारों ओर रखे लैकपैक के अंदर शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण छिपे हैं। आपको इमारत को तुरंत खाली करना होगा। आपको जल्दी करना होगा। जो लोग अंदर हैं, वह मर जाएंगे। उनके हाथ और पैर कट जाएंगेद्ध। यहां तक कि उनके सिर भी कट जाएंगे।'

हम रोडकिल और क्यों इस आतंकी हमले के पीछे के अपराधी हैं।

ऐसी धमकी भरे ई-मेल यूपी के कानपुर, आगरा, गोरखपुर समेत देश के 18 एयरपोर्ट अथारिटी के पास पहुंचे। एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। एयरपोर्ट की मुख्य सुरक्षा अधिकारियों ने केस दर्ज कराया




है। साथ ही एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

### राष्ट्रपति के दौरे से पहले गोरखपुर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी

राष्ट्रपति के दौरे के एक दिन पहले गोरखपुर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। वहीं कानपुर में सीआईएसएफ, वायुसेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया।

गोरखपुर एयरपोर्ट पर रविवार को बम मिलने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता डॉग स्क्वॉयड के पास पहुंचा। वहां जांच की हालांकि मौके से ऐसा कुछ नहीं मिला। ये मेल एयरपोर्ट निदेशक के मेल पर आई थी। एयरपोर्ट निदेशक ने एम्स थाने में तहरीर दी है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक, सुबह 10 :18 पर एक मेल आया। जिसमें कहा कि एयरपोर्ट के अंदर एक बैग है, जिसमें बम है। चेक करने पर सूचना गलत मिली।

### आगरा में थाना शाहगंज में मुकदमा, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

आगरा एयरपोर्ट की सुरक्षा अधिकारी सुकीर्ति निगम ने थाना शाहगंज में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में लिखा- 29 जून को आगरा एयरपोर्ट की आधिकारिक ईमेल आईडी apd-agra@aai.aero पर roadkillandkyokill@atomicmail.io नामक संदिग्ध मेल आईडी से एक धमकी भरा मेल आया। इसमें एयरपोर्ट को उड़ाने की बात कही गई थी।

मेल मिलने के बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर है। सीआईएसएफ द्वारा परिसर की तलाशी ली गई। थाना शाहगंज पुलिस ने साइबर सेल और उच्च स्तर की एजेंसियों को भी सूचना दे दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# वादा तेरा वादा : जुमलों का जादू या लोकतंत्र का बलिदान?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'मैं न खाऊँगा, न खाने दूँगा' — मोदी जी
लेकिन खाते तो सब रहे हैं, बस थाली बदल गई है।

### जुमलों की सरकार, सवालों से इनकार

2014 से अब तक हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहाँ वादे हथियार हैं, और जनता भ्रमजाल में कैद एक दर्शक मात्र।
'15 लाख', '2 करोड़ नौकरियाँ', 'बुलेट ट्रेन', 'हर खेत को पानी', 'हर घर नल' —
कभी ये वादे घोषणापत्र की शोभा थे, आज मीम्स का मज़ाक बन चुके हैं।

### वादों का पोस्टमार्टम

### 1. 15 लाख – काला धन की सफेद झूठ

वादा: स्विस बैंक से काला धन लाकर हर खाते में 15 लाख
सच: अमित शाह बोले — 'वो तो जुमला था!'
जनता क्या पागल थी? या मान लिया गया कि है?

### 2. 2 करोड़ नौकरियाँ हर साल

वादा: युवाओं को हर साल 2 करोड़ रोज़गार
सच: CMIE की रिपोर्ट कहती है- बेरोज़गारी दर 20त्न तक पहुँच चुकी है
जुमले से पेट नहीं भरता साहब!

### 3. बुलेट ट्रेन और स्मार्ट सिटी

वादा: 100 स्मार्ट सिटी, 2022 तक बुलेट ट्रेन
सच: ज़्यादातर शहरों में 'स्मार्ट' बस पोस्टर बने, और बुलेट अब भी ख्वाब है
देश तेज़ दौड़ रहा है — लेकिन केवल झूठ की पटरियों पर

### 4. महंगाई पर नियंत्रण

वादा: डालर 40 का होगा, प्याज 5 किलो
सच: पेट्रोल 100+, गैस 1200+, डॉलर 83+
महंगाई की मार और भाषण की भरमार — यही है नया भारत?

### 5. 'सबका साथ, सबका विकास'

सच: दलितों की हत्याएं, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न, और बहुसंख्यक तुष्टिकरण
'सबका साथ' केवल फोटो में, ज़मीन पर सिर्फ ध्रुवीकरण

### चुनावी तंत्र बनाम 'मंगलसूत्र' तंत्र

जब रोटी-रोज़गार की बात पूछी जाए तो कहा जाए —
'कांग्रेस आपका मंगलसूत्र मुसलमानों को दे देगी!'
क्या सत्ता अब घृणा की गठरी बन गई है?
किसी महिला की गरिमा, किसी धर्म की नीयत — सब को मतदाताओं को डराने का औज़ार बना दिया गया है।

### फैक्ट चेक : कांग्रेस के घोषणा पत्र में ऐसी कोई बात नहीं है। (AltNews)

तो क्या अब झूठ बोलना 'संकल्प' बन गया है?

### लोकतंत्र के नाम पर लोक-छल

संसद मूक है, प्रेस बिक चुका है, और जनता 'विकास' के नाम पर मनोरंजन देख रही है।
'अच्छे दिन' आए नहीं, बल्कि अच्छे सवालों को दफ़ना दिया गया।
एक राष्ट्र जहाँ वादे ना निभाने की कोई सज़ा नहीं — वहाँ नेता नहीं, जादूगर पनपते हैं।

### अब जयकारा नहीं, जाँच चाहिए

अब ये पूछना गुनाह नहीं, ज़रूरत है:
- 15 लाख कब आएंगे?
- नौकरियाँ कहाँ हैं?
- किसानों की आय दोगुनी कब होगी?
- बुलेट ट्रेन जापान से भारत तक आएगी या यूट्यूब तक ही रह जाएगी?

और हाँ — क्या अब भी 'देशद्रोही' कहलाएंगे जो पूछेंगे ये सवाल?


### निष्कर्ष

'जुमलेबाज़ी' लोकतंत्र की सबसे बड़ी बीमारी है।
नेता जब खुद को भगवान, और जनता को भक्त समझने लगें —
तब हर वादा धोखा बन जाता है, और हर चुप्पी साझेदार।

### अब वक्त है –

- वोटर बनने का,
- गद्दा नहीं, गवाह बनने का,
- और इस बाजारू राजनीति से जवाब माँगने का।

क्योंकि अगर आज नहीं पूछा, तो कल पूछने का हक़ भी छिन जाएगा।




# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

ललित गर्ग



कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषत: राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है।

यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फ़टकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नज़र आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है।

जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक 'जुर्म' नहीं, 'राष्ट्रीय आपदा' माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा।

सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिये यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। यदि इक्कीसवीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए जन-प्रतिनिधियों को ज्यादा संवेदनशील होने की अपेक्षा की जाती है। बड़ा प्रश्न है कि आखिर किसी राजनेता को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट क्यों एवं कैसे मिल जाती है।


भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है। जैसे 2017 में ब्रिटेन के एक पार्षद के सामान्य से बयान पर अच्छा खासा बवाल मचा था। पार्षद ने सांसद का चुनाव लड़ रही एक गर्भवती महिला राजनेता के बारे में कह दिया था, 'वो गर्भवती हैं और उनका समय तो नैपी बदलने में ही बीत जाएगा, वो आम लोगों की आवाज़ क्या उठाएंगी?' इसके लिए पार्षद को माफ़ी मांगनी पड़ी। ब्रिटेन जैसे कई देशों में अकसर ऐसे बयानों पर कार्रवाई होती है। मिसाल के तौर पर 2017 में ही यूरोपियन संसद के एक सांसद ने बयान दिया था कि महिलाओं को कम पैसा मिलना चाहिए क्योंकि वो कमज़ोर, छोटी और कम बुद्धिमान होती हैं।' इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था और उन्हें मिलने वाला भत्ता भी बंद हो गया था।

कोलकाता की लॉ छात्रा मामले में टीएमसी नेताओं की टिप्पणियां निस्संदेह निंदनीय हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जानी चाहिए। ममता बनर्जी के सामने एक और चुनौती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार- हत्याकांड और उसके बाद देश भर में उपजा आक्रोश अभी भी यादों में ताजा है। निस्संदेह, केवल टिप्पणियों से पार्टी को अलग कर देना ही पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक जीवन में नारी सम्मान एवं जीवन-मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों के लिये परिणाम तय होने चाहिए। अन्यथा समाज में ये संदेश जाएगा कि ऐसे कुत्सित प्रयासों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती है। किसी अपराध की रोकथाम अच्छे शासन की अनिवार्य शर्त बनना चाहिए लेकिन जब कोई अपराध होता है तो प्रभावी प्रतिक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। टीएमसी दोनों ही मामलों में विफल प्रतीत होती है। ऐसे मामलों में अत्याचार करने वालों की ही भांति अत्याचार का समर्थन करने वाले दोषी है। अत्याचारियों के लिये ही त्वरित न्याय और सख्त सजा जरूरी है लेकिन जन-प्रतिनिधि की निर्लज्ज बयानबाजी भी अपराध के दायरे में होनी चाहिए। आजीवन शोषण, दमन, अत्याचार, अवांछित बर्ताव और अपमान की शिकार रही भारतीय नारी को अब ऐसे और नये-नये तरीकों से कब तक जहर के घूंट पीने को विवश होना होगा।

अत्यंत विवशता और निरीहता से देख रही है वह यह क्रूर अपमान, यह वीभत्स अनादर, यह दूषित व्यवहार एवं संकुचित न्याय। न्याय एवं राजनीति की चौखट पर भी उसके साथ दोयम दर्जा एवं दुराग्रहपूर्ण सोच बदलना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। यदि हम सच में नारी के अस्तित्व एवं अस्मिता को सम्मान देना चाहते हैं तो ईमानदार स्वीकारोक्ति, पड़ताल एवं निष्पक्ष न्याय से ही यह संभव होगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3577




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3576 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □


एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3577



### बायें से दायें:-

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

### ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3576



## सूडोकु -3577

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3576 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3577



### बाएँ से दाएँ

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा-2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

### ऊपर से नीचे

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली -3576 का हल



# गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट रैपिड रेल के 22 स्टेशन होंगे

## मेट्रो और रैपिड के लिए एक ट्रैक, 20 हजार करोड़ खर्च, डीपीआर शासन को भेजेंगे

**नोएडा।** रैपिड रेल का गाजियाबाद स्टेशन से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच कारीडोर का एलाइन्मेंट तय हो गया हे। कॉरिडोर पर 22 स्टेशन बनाए जाएंगे। इस कारीडोर की लंबाई 74.4 किमी की होगी। इस कॉरिडोर पर आरआरटीएस और मेट्रो दोनों एक साथ चलेंगी। कॉरिडोर पर 11 मेट्रो स्टेशन और 11 आरआरटीएस के स्टेशन होंगे। गाजियाबाद में पहला स्टेशन सिद्धार्थ विहार में बनोगा जबकि दूसरा स्टेशन आरआरटीएस का होगा।

इसके निर्माण में 20 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्रीय आवास और शहरी मंत्रालय से प्रस्ताव फाइनल होने के बाद गाजियाबाद में रूट का सर्वे का काम पूरा हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव फाइनल होने के बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट शासन को भेज जी गई है। इसका काम पूरा होने में करीब पांच से छह साल लग जाएंगे। कारीडोर के जमीन के मुहैया कराने का काम जारी है।



### 6 कोच वाली चलेगी रैपिड रेल

रैपिड रेल छह कोच वाली चलेगी। पहले प्रत्येक नौ मिनट बाद रेल मिलेगी। इसके बाद चार से पांच मिनट बाद रेल मुसाफिर को मिलेगी। इसके निर्माण के ग्रेटर नोएडा में करीब 60 हेक्टेयर जमीन की जरूरत होगी। इस रूट से गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ईस्ट और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र जुड़ जाएगा। इसके अलावा आसपास के जिलों के लोगों को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टिवटी बेहतर होगी।

### रैपिड के ट्रैक पर दौड़ेगी मेट्रो

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक बनने वाले रैपिड रेल के ट्रैक में मेट्रो भी दौड़ेगी। मेट्रो संचालन में स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि अधिक लोग इसका इस्तेमाल कर सकें। यह कॉरिडोर गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद की करीब 1.1 करोड़ की आबादी को जोड़ेगा। एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड रेल कॉरिडोर की डीपीआर बनाई है। इस मार्ग को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि रैपिड रेल के साथ मेट्रो भी चलाई जा सके।

### गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के बीच प्रस्तावित स्टेशन

गाजियाबाद , सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद साउथ , ग्रेटर नोएडा सेक्टर-26सी, इको टेक 12, ग्रेटरनोएडा सेक्टर-2, 3 ग्रेटर नोएडा सेक्टर-10, नॉलेज पार्क-5, पुलिस सलाइन सूरजपुर, मलकपुर, इकोटेक दो, नॉलेज पार्क तीन, अल्फा एक , ओमेगा दो , इको टेक 1 ई, इकोटेक-6, दनकौर, यीडा नार्थ , सेक्टर-18 , यीडा सेंट्रल सेक्टर-21, नोएडा एयरपोर्ट जेवर शामिल है।

## शार्ट न्यूज

### सड़क पर खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में युवकों द्वारा सड़क पर खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग कारों में सवार युवकों ने खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट किया। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों कारों पर अलग-अलग चालान काटे। एक कार पर 63,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। दूसरी कार पर 57,500 रुपए का चालान काटा गया। कुल जुर्माना राशि 1 लाख 21 हजार रुपए है। वीडियो सर्दियों के मौसम का बताया जा रहा है। इसमें युवक न सिर्फ अपनी जान जोखिम में डाल रहे थे, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ कर रहे थे। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्टंटबाजी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग को 6 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा

नोएडा। साइबर अपराधियों ने मनिलॉड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर वायरलेस विभाग से सेवानिवृत अधिकारी के साथ 24.5 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित को छह दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा गया। पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-82 निवासी सुखदास ने बताया कि वह वायरलेस विभाग से सेवानिवृत हैं। वर्तमान में अकेले रहते हैं। जून के दूसरे सप्ताह में सुखदास के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को ट्राई का अधिकारी बताया। उसकी ओर से सुखदास को बताया गया कि उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर कई सिम निकलवाई गई है। इसी दस्तावेज का इस्तेमाल बैंक खातों को खुलवाने में किया गया है। संबंधित सिम और खातों का मनिलॉड्रिंग केस में इस्तेमाल हुआ है। आधार कार्ड के पते से जो पार्सल भेजा गया है उसमें ड्रग्स समेत अन्य सामान भी मिला है।

### नकली पनीर बनाने वाला गिरोह पकड़ा

**जेवर।** नोएडा पुलिस ने रविवार को एक बड़े नकली पनीर निर्माण गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना सेक्टर 63 पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 14 क्विंटल मिलावटी पनीर बरामद किया है। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने एक महिंद्रा पिकअप से मिलावटी पनीर जब्त किया। पिकअप चालक गुलफाम की निशानदेही पर पुलिस ने अलीगढ़ के शहजपुरा में स्थित नकली पनीर बनाने के प्लांट पर छापा मारा। वहां से अफशर और गुड्डू उर्फ रहीश को गिरफ्तार किया गया। प्लांट से बरामद सामग्री में धौलपुर फ्रेश स्किम्ड मिल्क पाउडर, रेड बुल प्रीमियम क्वालिटी एग्री प्रोडक्ट, पामोलिन तेल, केमिकल और पनीर बनाने की मशीनें शामिल हैं। आरोपी पिछले 6 महीने से एनसीआर क्षेत्र में यह धंधा कर रहे थे। आरोपी दुकानदारों को 180 से 220 रुपये प्रति किलो के हिसाब से नकली पनीर बेच रहे थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, पनीर में इस्तेमाल किया गया पामोलिन तेल और पोस्टर कलर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### जनपद के समस्त कृषक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में फसलों मे करे प्रयोग : जिला कृषि अधिकारी

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** जिला कृषि अधिकारी गौतमबुद्धनगर विवेक दुबे ने जनपद के समस्त कृषकों को बताया कि खरीफ के अन्तर्गत बोयी गयी/बोयी जाने वाली फसलों में संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग किया जाये। अधिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। संस्तुत मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग से फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता बहुत अच्छी रहती है। खरीफ में बोयी जाने वाली जनपद की मुख्य फसल धान है। धान के लिए नत्रजन 120 किलोग्राम/हेक्टेयर, फास्फोरस 60 किलोग्राम/हेक्टेयर, एवं पोटाश 60 किलोग्राम/हेक्टेयर संस्तुत है। इसी प्रकार मक्का की फसल हेतु नत्रजन 100 किलोग्राम/हेक्टेयर, फास्फोरस 60 किलोग्राम/हेक्टेयर, एवं पोटाश 40 किलोग्राम/हेक्टेयर संस्तुत है। मूंग की फसल हेतु नत्रजन 15 किलोग्राम/हेक्टेयर, फास्फोरस 60 किलोग्राम/हेक्टेयर, एवं सल्फर 25 किलोग्राम/हेक्टेयर की सस्तुति की जाती है।

### स्कूल बस और वैन की जांच के लिए अभियान चलेगा

**नोएडा।** जिले के निजी स्कूल गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार से खुल जाएंगे। इसी के साथ स्कूल बसों और वैन की जांच का अभियान भी परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम चलाएगी। कमियां मिलने पर इन वाहनों के चालान और जब्त की कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक निजी स्कूलों के नाम पर दो हजार से अधिक बसें पंजीकृत हैं। इसमें स्कूलों की अपनी बसों के अलावा ठेके पर लगी बसें भी शामिल हैं। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि समय सीमा पूरी कर चुकी बसों को सड़कों से हटाने का स्कूलों को नोटिस दिया जा चुका है इन बसों का पंजीकरण निलंबित और निरस्त करने की प्रक्रिया की जा चुकी है। इसके अलावा बिना फिटनेस और परमिट दौड़ने वाली बसों के दस्तावेज दुरुस्त कराने का नोटिस दे दिया गया है। कमियों के साथ सड़कों पर दौड़ती मिलने वाली स्कूल बसों के चालान किए जाएंगे। बिना फिटनेस, परमिट और समयसीमा पूरी कर चुकी बसों को सीज कर दिया जाएगा।

# उड़ीसा से इनवर्टर में छुपा कर लाते थे गांजा, चार अभियुक्त चढे नोएडा पुलिस के हत्थे

## कब्जे से 25 लाख रुपये कीमत का 108 किलोग्राम गांजा बरामद

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



**नोएडा।** थाना फेस टु पुलिस और सीआरटी/स्वॉट-2 टीम ने चैकिंग के दौरान गांजे की तस्करी करने वाले चार अभियुक्तों को बड़ा पार्क निम्मी बिहार के सामने सेक्टर-88 गौतमबुद्धनगर से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 25 लाख रुपये की कीमत का 108 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अब्दुल्ला पुत्र शहजाद जहाज, सोवान पुत्र शमशाद निवासी बैसरेड़ी थाना छपार जिला मुज़फ़्फ़रनगर, शाबान हसन पुत्र आमिर हसन, समीर हसन पुत्र दिलशाद निवासी महमूद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर के रुप में हुई है। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह यह गांजा उड़ीसा के रहने वाले एक व्यक्ति से रेलमार्ग के माध्यम से इनवर्टर की खाली बाड़ी में छिपाकर लाते हैं जिससे किसी को शक न हो। वह लोग गांजे को एनसीआर क्षेत्र में घुम-फिरकर नशे के आदी लोगो को गांजा बेचते है। सभी अभियुक्त जिला मुजफ्फरनगर (उत्तरप्रदेश) के रहने वाले है।अभियुक्तगण अधिकतर पकड़े जाने के डर से आपस में सम्पर्क व्हाट्सएप कॉल से करते थे ताकी पुलिस इनको ट्रेस न कर सके। अभियुक्त रेलमार्ग से गांजा लाकर ऐसे रेलवे स्टेशन पर उतरते है जहां तलाशी नही होती है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा द्वारा गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 25,000 रूपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

# थार से कुचलने के प्रयास में आरोपियों की जमानत खारिज

**नोएडा में वीडियो हुआ था वायरल, अदालत ने आरोपों को माना गंभीर**

**नोएडा।** नोएडा में दो सगे भाइयों के साथ मारपीट और थार से कुचलने के प्रयास में गिरफ्तार किए आरोपियों की जमानत याचिका सोमवार को कोर्ट ने खारिज कर दी।

पुलिस ने जून के पहले सप्ताह में दोनों आरोपियों अमन अवाना और आकाश अवाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में थाना प्रभारी और गिझौड चौकी प्रभारी को पुलिस कमिश्नर पहले ही सस्पेंड कर चुकी है।

### इंस्टाग्राम पर किया था कमेंट

बता दे इंस्टाग्राम पर कमेंट करने को लेकर आरोपियों की सुमित और सौरभ से कहासुनी हो गयी थी। सुमित और सौरभ को अपने ऑफिस के पास बुलाया वहां पर मारपीट की और थार से कुचलने का प्रयास किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस मामले में सुमित और सौरभ की ओर से वकील प्रमेन्द्र भाटी ने जमानत याचिका पर अपनी दलील दी। जिसके बाद न्यायालय एडीजे प्रथम ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

### अदालत ने माना गंभीर आरोप

अमन और आकाश अवाना की ओर से वकील उमेश भाटी ने पैरवी की थी। कोर्ट ने जमानत की दलीलों को पर्याप्त ना मानते हुए याचिका को खारिज किया। अदालत ने माना कि आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया गंभीर आरोप हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो व मेडिकल रिपोर्ट से पीड़ित पक्ष की बात पुष्ट होती है।

# ग्रेटर नोएडा के बरसात गांव में विकास कार्य नहीं

**टूटी सड़कें और पाइपलाइन, शमशान में सुविधाएं नहीं; करप्शन फ्री इंडिया ने किया प्रदर्शन**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्राधिकरण दफ्तर पहुंचकर ओएसडी गिरीश झा को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और आलोक नागर ने बताया कि बरसात गांव की मुख्य सड़क पिछले 5 साल से गड्ढों से भरी है। मामूली बारिश में ही गांव की सड़कों पर पानी भर जाता है। इससे बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में परेशानी होती है। प्राधिकरण ने कुछ दिन पहले पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई थी। आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया। पाइपलाइन कई जगहों से टूट चुकी है। पानी आने पर टूटी पाइपलाइन से रोज लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने शमशान घाट में टीन शेड और बेंच लगवाने की मांग भी की। ओएसडी गिरीश झा ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधीन आने वाले गांवों के विकास की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से क्षेत्र के कई गांव विकास से वंचित हैं।

# आईआरसीटीसी की प्रदाता कंपनी ने वेंडर्स का रोका भुगतान

## एमएसएमई वेंडर्स एसोसिएशन ने लगाए गंभीर आरोप, रेल मंत्री से पैसा दिलाने की गुजारिश

**नोएडा।** भारतीय रेलवे में कैटरिंग का काम करने वाली नोएडा स्थित निजी कंपनी की मनमानी से छोटे छोटे माल की सप्लाई करने वाले वेंडर्स बेहद परेशान हैं। सोमवार को एमएसएमई वेंडर्स एसोसिएशन ऑफिस इंडिया के सदस्यों ने प्रेसवार्ता की।



वार्ता के दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने आईआरसीटीसी के रजिस्टर्ड वेंडर अंबुज होटल एंड रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर आरोप लगाया है की कंपनी पिछले 7 से 8 महीनों से अपने साथ काम करने वाले छोटे छोटे वेंडर्स/ सप्लायर्स का भुगतान रोककर बैठी है। हालांकि सभी आरोपों को उक्त कंपनी प्रबंधन ने बेबुनियाद बताया है। उन्होंने आरोपों को सिरे से नकारते हुए कानूनी कार्यवाही की बात की है।

ऐसे में छोटा कारोबार करने वाले वेंडर्स को जीवन यापन करने में भी काफी दिक्कत आ रही है। वेंडर्स एसोसिएशन के सुशील तोमर ने बताया की नोएडा के ए-16 सेक्टर 6 स्थित अंबुज होटल एंड रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आईआरसीटीसी का अधिकृत कैटरिंग सेवा प्रदाता है। वर्तमान में पूरे देश ने करीब 60 से अधिक मेल, एक्सप्रेस एवं वंदे भारत ट्रेनों में खाद्य सेवा का संचालन करती है। लेकिन कंपनी द्वारा करीब 6 से 8 महीनों से अपने सैकडों सप्लायरों और वेंडरों का भुगतान रोककर बैठी हुई है।

### बकाया मांगने पर मिली धमकी

जिसकी बकाया राशि करीब 7 से 8 करोड़ रुपए बैठती है। अमन गुप्ता ने बताया की जब भी कोई वेंडर सेक्टर 6 स्थित कंपनी के मुख्य कार्यालय में भुगतान की मांग करने पर परचेज और अकाउंट मैनेजर की ओर से धमकी दी जाती है। आरोप लगाया की हमें बाउंसर के जरिए डराया धमकाया जाता है साथ ही कई बार मारपीट भी की जा चुकी है। हमारी मानसिक स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है। उन्होंने रेल मंत्री और सरकार से गुजारिश की है कि हमे जल्द ही पैसों का भुगतान करवाया जाए।

### अंबुज होटल एंड रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने दिया अपना पक्ष

कंपनी के प्रबंधन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का दृढ़ता से खंडन किया है। उन्होंने कहा कि हम वास्तविक विक्रेताओं और एमएसएमई का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दबाव की रणनीति के आगे नहीं झुकेंगे। बढ़ी हुई कीमतों पर घटिया काम स्वीकार नहीं करेंगे। हितधारकों और मीडिया से निष्कर्ष निकालने से पहले दोनों पक्षों से तथ्यों को सत्यापित करने का आग्रह करते हैं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 15 संस्थागत प्लाट की योजना

## स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय बनेंगे, 31 जुलाई तक करे आवेदन, सितंबर में होगी नीलामी

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बनाने का मौका मिलेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के आसपास अलग-अलग सेक्टर में 15 संस्थागत प्लाट की नीलामी करने जा रही है। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया मंगलवार को शुरू होगी और 31 जुलाई तक खुली रहेगी।




यीडा अधिकारियों के अनुसार इस योजना में सेक्टर 17, 18, 20 और 22ई में माध्यमिक विद्यालयों (12वीं कक्षा तक) के लिए विशेष रूप से आरक्षित 10 प्लाट शामिल है।

विभिन्न संस्थागत आवश्यकताओं के अनुरूप प्लाट का साइज अलग-अलग है। चार प्लाट 8,000 वर्गमीटर के हैं, एक 8,400 वर्गमीटर का है, दो 9,400 वर्गमीटर के है और तीन भूखंड लगभग 10,115 वर्गमीटर के हैं।

इसके अलावा विश्वविद्यालयों, मेडिकल कॉलेजों, डिग्री कॉलेजों, पीजी कॉलेजों, प्रबंधन संस्थानों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, खेल कॉलेजों, एकीकृत आवासीय कॉलेजों और अनुसंधान एवं विकास केंद्रों के लिए पांच बड़े प्लाट है।

सेक्टर 17ए, 13 और 22ई में स्थित ये प्लाट 27,000 वर्गमीटर से लेकर 83,822 वर्गमीटर के आकार में हैं। जिनकी आरक्षित कीमत 39 करोड़ रुपए से शुरू होकर 105 करोड़ रुपए से अधिक तक है। आवंटन 4 सितंबर को ई-नीलामी के जरिए किया जाएगा। योग्य आवेदकों की सूची 28 अगस्त को जारी की जाएगी।

### ग्रेटर नोएडा में भाजपा मंडल मंत्री पर हमले का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में एक भाजपा मंडल मंत्री पर महिला और उसके परिवार को पीटने का मामला सामने आया है। यह घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोमवार को पड़ोसियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी भाजपा नेता ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पड़ोसी महिला और उसके परिवार पर हमला कर दिया। उन्होंने चप्पल और डंडों से मारपीट की। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना के समय कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# नोएडा के 4 डी जंगल ट्रैल पार्क में होगा एडवेंचर

## जिप लाइन, रॉक क्लाइंबिंग जैसे गेम्स होंगे शामिल, करेंगे नाइट सफारी

**नोएडा।** सेक्टर-44 में महामाया फ्लाईओवर और ओखला पक्षी विहार के बीच बन रहे जंगल ट्रेल में एडवेंचर भी किया जा सकेगा। इसके लिए जंगल में की जाने वाली एक्टिवटी को भी शामिल किया है।

जैसे रॉक क्लाइंबिंग, जिप लाइन, जिप साइकलिंग के अलावा और अधिक एडवेंचर गेम्स को जंगल ट्रैल में शामिल किया जा रहा है। इसके लिए आपको पैसा देना होगा।

यानी टिकट खरीदकर आप इन गेम्स को कर सकते है। इसके अलावा नाइट सफारी भी यहां होगी। पार्क में प्रवेश के लिए मिनिमम 100 रुपए चार्ज देना होगा।

महा फ्लाईओवर के पास 500 वाहनों की पार्किंग होगी। जिससे एक्सप्रेस वे और दिल्ली आने जाने वाले लोग आसानी से पार्क आ जा सकेंगे। प्राधिकरण एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि जंगल गेम्स एक्टिवटी से यहां फुट फाल बढ़ेगा।

बच्चे यहां जंगली जानवरों के बारे में जान सकेंगे साथ ही गेम्स का मजा ले सकेंगे। इसका लैंड स्केप का काम किया जा रहा है। बारिश के साथ इसे जंगल के रूप में बनाया जा रहा है।

कुछ ही दिनों में ये अपना पूर्ण रूप लेगा। यहां कबाड़ से बने जानवरों को हल्का वार्निश कलर किया जाएगा जो इनकी सजीव बनाएंगे।



जून 2024 में पीपीपी मॉडल पर पार्क का निर्माण शुरू हुआ था। प्राधिकरण यह पार्क करीब 18.27 एकड़ में बना रहा है। पार्क के अंदर कबाड़ से बने डायनासोर, गैंडा, मगरमच्छ, अजगर, बंदर की आकृतियां लगाई गई हैं। इसके साथ ही छोटी आकृतियों में सुंदर-सुंदर चिड़ियां भी कबाड़ से बनी हुई होंगी। पार्क में आने वाले लोग जंगल में सैर का लुत्फ भी उठा सकेंगे।

### तीन जोन में बांटा गया

पार्क के तीन जोन में बांटा गया है। पहला जोन-ए 4.05 एकड़ का है। इसमें पार्किंग, एंपीथियेटर (1000 लोगों की क्षमता का ), फूड कोर्ट और ऐग्जीबिशन एरिया है। यहां 8 बसों और 76 कारों की पार्किंग होगी।

जोन-बी 8.77 एकड़ का बनाया जा रहा है। इसमें ट्रोपिकल रेन फारेस्ट , ग्रास लैंड, वेट लैंड को बनाया जा रहा है। तीसरा जोन-सी 5.45 एकड़ का है। इसमें आईस लैंड ओशियन, ट्रेमप्रेट फारेस्ट और पोलर रीजन होगा।

### अब जानते है पार्क के फीचर

एनसीआर का पहला पार्क होगा जिसमें जंगल नाइट सफारी होगी। ई कार्ट के जरिए।

पार्क में जल, मरुस्थल, बर्फ और घने जंगलों में रहने वाले 800 जानवरों को बनाया जाएगा।

फूड कोर्ट होगा, किड्स प्ले एरिया बनाया जाएगा, पिकनिक स्पॉट होगा। वेस्ट के जरिए आउट डोर फर्नीचर , आउट डोर लाइटिंग और शॉप बनाई जाएंगी।

पानी में रहने वाले जंतुओं को दिखाया जाएगा

### 500 टन लोहे का होगा प्रयोग

पार्क में 500 टन लोहा वेस्ट का प्रयोग किया गया है। यहां लोहे से पार्क में स्कल्पचर बनाए जा रहे है। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जा रहा है। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।

# बिजली बिल और कनेक्शन को लेकर किसानों का विरोध

**नोएडा में एनपीसीएल कार्यालय पर धरना, अधिकारियों ने समाधान का दिया आश्वासन**

जेवर। भारतीय किसान यूनियन भानू के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा के केपी-2 स्थित एनपीसीएल कार्यालय पर सांकेतिक धरना दिया। जिला अध्यक्ष राजकुमार नागर की अगुवाई में किसानों ने बिजली विभाग की कथित मनमानी का विरोध किया।



किसानों ने कई मुद्दे उठाए। इनमें बिजली चोरी के नाम पर किसानों का शोषण, नए कनेक्शन देने में आनाकानी और बिजली बिलों में गड़बड़ी शामिल हैं। एनपीसीएल के अधिकारी हरेंद्र सिंह, सतीश शर्मा और नवीन कुमार ने इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। भानू के प्रदेश प्रवक्ता मास्टर महकार नागर ने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो एनपीसीएल के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# लखनऊ में कपड़ा कारोबारी ने पत्नी-बेटी के साथ जान दी

## लिखा- कोई रास्ता नहीं बचा था; सुसाइड से पहले भाई-भाभी को दी घर की चाबी

**लखनऊ।** लखनऊ में कपड़ा कारोबारी ने पत्नी और 16 साल की बेटी के साथ जहर खाकर जान दे दी। सोमवार सुबह तीनों फ्लैट में बेहोश मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। घटना का पता उस वक्त चला जब हालत बिगड़ने पर बेटी ने बड़ी मां को फोन किया और घटना की जानकारी दी।

इसके बाद बच्ची के बड़े पिता ने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को फ्लैट से सुसाइड नोट और टूटी हुई चूड़ियां मिली हैं। सुसाइड नोट लिखा है- हम कर्ज से परेशान हैं। बैंक से लोन लिया था, जिसे चुका नहीं पा रहे। लोन बढ़ता ही जा रहा है। हमारे पास जान देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। पूरा मामला चौक इलाके के अशरफाबाद क्षेत्र का है।

मृतकों की पहचान शोभित रस्तोगी (48), उनकी पत्नी शुचिता (45) और बेटी ख्याति (16) के रूप में हुई है। शोभित रस्तोगी की राजाजीपुरम में जुगल फैशन पॉइंट के नाम से कपड़े की दुकान है। उनकी बेटी ख्याति लखनऊ पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम में 11वीं में पढ़ रही थी।


मृतक शोभित   मृतका शुचिता   मृतका ख्याति

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक शोभित के बड़े भाई शेखर ने सुबह 5 बजे पुलिस को फोन किया। उन्होंने बताया कि उनके छोटे भाई की बेटी ने उनकी पत्नी तृप्ति को फोन किया था। उसने बताया कि मम्मी-पापा की तबीयत ठीक नहीं है, आप लोग जल्दी से आ जाइए।

शेखर ने पुलिस से कहा कि उन्हें लगता है तीनों ने कुछ खा लिया है। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। देखा तो तीनों बेहोश पड़े हुए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस को शक- प्लान करके साथ में सुसाइड किया

घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। टीम को घर में ताजा खोली हुई कोल्ड ड्रिंक की बोतल मिली है, जिसे टीम ने कब्जे में ले लिया। पुलिस को शक है कि प्लान करके तीनों ने सुसाइड किया। शोभित की भाभी को बेटी ने पहले फोन किया। उसके बाद जब वे लोग घर आए तो दरवाजा अंदर से बंद था।

बड़ी मां ने भतीजी को फोन किया तो बोली कि हम बाहर नहीं आ पाएंगे। आपको जो चाबी आपके पास है उससे खोलकर आ जाइए। इतना कहते ही फोन कट गया।

इसके बाद शोभित के भाई-भाभी ने वह चाबी मंगवाई जो शोभित ने एक दिन पहले दी थी। उसने कहा था कि ससुराल जाना है। पेड़-पौधों को पानी दे दीजिएगा।

## शार्ट न्यूज

### 52 किलोग्राम लड्डू का केक काटकर मनेगा सपा मुखिया का जन्मदिन, होंगे विभिन्न आयोजन



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के मुखिया, पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का जन्मदिन आज 1 जुलाई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर फ्रंटल संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके क्रम में मंगलवार सुबह 7 बजे समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत एवं उनकी टीम द्वारा गोविंद सागर बांध स्थित तलहटी पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके बाद जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सपा कार्यालय पर सुबह 11 बजे 52 किलोग्राम का लड्डू का केक काटकर जन्मदिन मनाया जाएगा, साथ ही एक विचार गोष्ठी आयोजित होगी। उन्होंने समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने दी है।

### फरार आरोपी के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

**गाजीपुर।** सात वर्षों से फरार चल रहे आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय ने धारा 82 के अन्तर्गत समर्पण हेतु आदेश जारी किया है। न्यायालय के आदेश के अनूपालन में इलाकाई पुलिस ने मुनादी कराकर, आरोपी के घर पर न्यायालय की नोटिस चस्पा की। सैदपुर थाना क्षेत्र के गांव रामदासपुर निवासी फरार आरोपी अनिल सिंह उर्फ भोदू पुत्र अच्छेबर सिंह के घर न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी गाजीपुर के आदेश पर पुलिस ने धारा 82 का नोटिस चस्पा किया है। पुलिस ने गांव में मुनादी कराकर आरोपी को एक माह के भीतर पुलिस या न्यायालय में आत्म समर्पण करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि फरार आरोपी के खिलाफ अपराध संख्या 182/18 धारा 504,506, आईपीसी व एससी एसटी एक्ट में अभियुक्त के घर 82 दंड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत नोटिस चस्पा कर उद्घोषणा की कार्यवाही की गई। न्यायालय के आदेश पर भीमापार पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र उपाध्याय ने सोमवार को आरोपी के गांव पहुँच कर कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि आत्म समर्पण न करने की स्थिति में कुर्की की कार्रवाई की जाएगी

### 23 दिन बाद कब्र से निकाला युवक का शव

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में मौत के 23 दिन बाद युवक का शव कब्र खोदकर निकाला गया। पिता को बेटे के दोस्तों पर हत्या का शक हुआ। छ्रूराजा गणपतियार से मामले की शिकायत की। इसके बाद डीएम ने शव निकालकर जांच का आदेश दिया। स्ड्डरूकल्याण सिंह मौर्या के सामने सोमवार को शिवकोट गांव के पश्चिम में स्थिति कब्रिस्तान में कब्र की खुदाई शुरू हुई। करीब 2 घंटे बाद शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामला सिद्धार्थनगर के मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर गांव का है। पिता ने कहा- उसके 2 दोस्तों ने हत्या करके मामले को एक्सीडेंट बताया। जब बेटे के साथ एक ही बाइक पर थे, तो उनको खरोंच क्यों नहीं आई। 6 जून को युवक के एक्सीडेंट की बात सामने आई थी। 7 जून को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमॉर्टम कराए उसी दिन उसे दफना दिया गया। 10 जून को पिता ने पुलिस को शिकायत दी थी। इसके बाद डीएम से भी मामले की गुहार लगाई।

### ललितपुर में महिला होमगार्ड के घर चोरी

**ललितपुर।** ललितपुर के वसुंधरा कालोनी में चोरों ने महिला होमगार्ड और उनकी किराएदार के मकान को निशाना बनाया। चोर दोनों मकानों से करीब 4.5 किलो चांदी, सोने के गहने और 1.76 लाख रुपए की नगदी ले गए। महिला होमगार्ड कल्पना संज्ञा रविवार को अपने पुराने मकान में आई थीं। उनकी किराएदार आशा जैन भी घर में ताला लगाकर भाई के घर चली गई थीं। सोमवार को जब कल्पना वापस लौटीं तो मकान का ताला टूटा मिला। अंदर का सामान बिखरा हुआ था। कल्पना के घर से चोर 350 ग्राम चांदी की पायल-बिछिया, एक तोला सोने की अंगूठी और 26 हजार रुपए नगद ले गए। किराएदार आशा जैन के कमरे से 4 किलो चांदी की बजनी ईंट, आधा किलो चांदी की पायल-बिछिया, सोने के दो मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठियां और डेढ़ लाख रुपए नगद चोरी हुए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली सदर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

### नौचंदी मेले की व्यवस्था पर दुकानदार नाराज

**मेरठ।** मेरठ के नौचंदी मेले का आज समापन हो गया । रविवार और सोमवार की बारिश के बाद मेले में जगह जगह जल भराव हो गया। दुकानदारों ने बताया कि जलनिकासी की व्यवस्था ठीक नहीं थी और बारिश के बाद सारे दुकानदार परेशान है। दुकानदारों ने मेले की अवधि और बढ़ाने की मांग की है। मेले में हो जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नगर आयुक्त से व्यापारियों ने नौचंदी मेला में कई व्यवस्थाओं की मांग की थी लेकिन बारिश के बाद जलभराव हो गया। दुकानदारों ने बताया कि वे खुद ही पानी को निकाल रहे हैं बहुत खाने के बाद शाम को प्रशासन की तरफ से सफाई टैंक भेजा गया। नौचंदी मेले में जगह जगह पर कूड़ा पड़ा मिला । शौचालय भी गंदे दिखे मेले में आने वाले लोगों ने कहा कि व्यवस्था बहुत खराब है।

# दलित लड़की को आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी

## प्रयागराज से ब्रेनवॉश कर केरल ले गए, धर्म परिवर्तन कराया; 2 गिरफ्तार

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज की नाबालिग दलित लड़की को केरल में आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अगवा किया। उसे प्रयागराज से केरल ले गए। जबरन धर्म परिवर्तन कराया।

फिर उसे जिहाद के नाम से ट्रेनिंग देने लगे। इसी बीच पीड़ित वहां से भागकर केरल के एक रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां रेलवे पुलिस को उसने आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को सूचना दी। इसके बाद



पुलिस नाबालिग को लेकर प्रयागराज आई।

पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कैफ और उसकी साथी एक नाबालिग लड़की को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों के गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं? यह गिरोह अब तक कितने लोगों को शिकार बना चुका है? इसकी जांच के लिए पुलिस की 3 टीमें बनाई गई हैं।

वहीं मामला आतंकी ट्रेनिंग से जुड़ा होने के कारण एटीएस की प्रयागराज यूनिट फूलपुर थाने पहुंची। एटीएस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आतंकी साजिश को लेकर जांच शुरू की गई है। बताया गया कि एटीएस पीड़ित नाबालिग दलित से भी पूछताछ करेगी।

### प्रेमी ने कॉल नहीं उठाया तो महिला ने जान दी

**देवरिया।** देवरिया में प्रेमी ने वीडियो कॉल नहीं उठाया तो प्रेमिका ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। वह बार-बार प्रेमी को वीडियो कॉल कर रही थी। लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा था। तब उसने पंखे से फंदा लगाने की फोटो प्रेमी को भेजी और फिर उसी पर लटक गई। महिला का युवक के साथ 2 साल पहले इंस्टाग्राम पर प्रेम प्रसंग शुरू हुआ था। उसने युवक को नहीं बताया था कि वह शादीशुदा है। इसी साल अप्रैल महीने में प्रेमी को ये बात पता चल गई, तो वह महिला से दूरी बनाने लगा। कल से उसने बात करना बंद कर दिया था। महिला उसे लगातार कॉल करती थी। लेकिन वह फोन नहीं उठाता था। इसी वजह से आज महिला ने जान दे दी। महिला का पति दुबई में काम करता है। घटना रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के बटुलही गांव की है।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से मां-बेटे की मौत

## महोबा में जामुन के पेड़ पर तार गिरने से हादसा, किशोरी बची

**महोबा।** महोबा के कुम्हौड़ा माफ गांव में सोमवार को एक हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। जामुन के पेड़ पर हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से यह घटना हुई।

घटना उस समय हुई जब एक किशोरी जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी थी। अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर पेड़ पर गिर गया। किशोरी को बचाने के लिए 60 वर्षीय राजा रानी दौड़ीं। वे करंट की चपेट में आ गईं। अपनी मां को बचाने 40 वर्षीय राकेश कुमार भी पहुंचा। वह भी करंट की चपेट में आ गया। मां-बेटे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। किशोरी किसी तरह बच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आकस्मिक चिकित्सक डॉ. पंकज राजपूत ने पुष्टि की कि दोनों की मौत करंट लगने से हुई है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। परिजन परशुराम विश्वकर्मा और ग्रामीण विष्णु परिहार ने कहा कि इस क्षेत्र में पहले भी झूलती विद्युत लाइन से कई हादसे हो चुके हैं।

विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से सुरक्षा के उचित इंतजाम करने की मांग की है।

# विशेष संचारी रोग अभियान को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

## संचारी रोग अभियान बैठक में पहुंचे मात्र तीन पार्षद



**ललितपुर।** पाली विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक कई विभागों के सहयोग से चलाया जाएगा। इसके तहत दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्रवाई पर जोर दिया जाएगा। इसको लेकर नगर पंचायत में नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी की अध्यक्षता में नगर पंचायत सभागार बैठक आयोजित हुई।

सफलता के लिए सभी विभागों के सहयोग से कार्ययोजना बनाई गई, जिसे शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिए गए। अभियान की जानकारी देते हुए डॉ. दामोदर निरंजन ने बताया कि इस अभियान में आशा कार्यकत्री ग्रह भ्रमण के दौरान बुखार के रोगियों के साथ ही खांसी, सांस लेने में परेशानी के लक्षण आदि के बारे में भी जानकारी लेंगी।

नगर में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाएं तथा खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था और नालियों के आसपास जमा पानी एवं घांस की सफाई करवाई की जाए।

### पोखरी पर अवैध कब्जे पर नौ लोगों पर मुकदमा

**गाजीपुर।** दिलदार नगर क्षेत्र के महना कला खुर्द गांव के लेखपाल झिंगरी राम की तहरीर पर पुलिस ने पोखरी पर कब्जा करने के मामले में नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लेखपाल ने गांव के सुनील, वकील, शैलेन्द्र, प्रदीप , सुधीर, दीपक, अनिल, अशोक व नीरज को आरोपी बनाया है। महना कला खुर्द के लेखपाल झिंगरी राम ने तहरीर में बताया कि महना कला खर्द के अराजी नंबर 714 रकवा 0.498 में 0.025 हेक्टेयर पोखरी के खाते की भमि पर इन लोगों द्वारा कब्जा कर घर बना लिया गया है व वर्तमान समय में बना रहे है और मना करने पर नहीं मान रहे है। इनके विरुद्ध राजस्व संहिता के तहत संपति क्षति निवारण अधिनियम के तहद प्राथिमिकि दर्ज किया जाय। इस सम्बन्ध में निरीक्षक अशोक मिश्रा ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर नौ के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गयी है।

# टीचर ने सिपाही को दौड़ाकर मारी गोली

## बागपत में बुलेट पेट को चीरते हुई निकली; क्रिकेट मैच को लेकर हुआ था विवाद

**बागपत।** बागपत में एक टीचर ने हेड कॉन्स्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी। रविवार दोपहर दोनों में क्रिकेट खेलने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ कमेंट किए। बात इतनी बढ़ गई कि टीचर ने हेड कॉन्स्टेबल को मारने का प्लान बना लिया।

रविवार रात हेड कॉन्स्टेबल कहीं से घर लौट रहा था। रास्ते में टीचर घात लगाकर बैठा था। उसे देखते ही टीचर ने फायरिंग कर दी। बचने के लिए भागा तो दौड़ाकर हेड कॉन्स्टेबल को गोली मार दी। गोली पेट को चीरती हुई आर-पार हो गई। वह अचेत होकर वहीं गिर पड़ा।

गोली की आवाज सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे। लेकिन आरोपी तब तक भाग चुका था। आनन-फानन में हेड कॉन्स्टेबल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित



कर दिया। मामला कोतवाली क्षेत्र के सुनहैड़ा गांव का है।

### जानिए पूरा मामला

सुनहैड़ा गांव के रहने वाले अजय सहारनपुर में हेड कॉन्स्टेबल थे। उनके घर पर गृह प्रवेश था, इसलिए छुट्टी लेकर गांव आए थे। इसी गांव का रहने वाला आरोपी मोहित सहारनपुर में सरकारी प्राइमरी स्कूल में सहायक शिक्षक है। वह भी छुट्टी पर गांव आया हुआ था।

रविवार दोपहर गांव में क्रिकेट मैच हुआ। मैच के दौरान किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों को शांत कराया। दोनों अपने-अपने घर चले गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ कमेंटबाजी शुरू कर दी, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे अजय कहीं से घर लौट रहा था। गांव में कुएं के पास मोहित घात लगाकर बैठा था। जैसे ही अजय वहां पहुंचा, मोहित ने उसे दौड़ा लिया और फायरिंग कर दी। एक गोली अजय के पेट को चीरती हुई बाहर निकल गई।

गोली चलने की आवाज सुनकर गांव के लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखकर आरोपी तमंचा लहराते हुए भाग गया। परिजन सिपाही को आनन-फानन में शहर के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाएं पीडीए का संदेश : नेपाल सिंह

## जखौरा में सपा जिलाध्यक्ष ने की बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**ललितपुर।** लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दीं हैं। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता चुनाव में जुट गए हैं। इसी क्रम में रविवार को ब्लॉक जखौरा सेक्टर में बूथ स्तर पर समीक्षा बैठक हुई। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने बूथ वार समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने




बूथ को मजबूत करें। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़े। पीडीए अभियान को गति दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा चलाए जा रहे पीडीए संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। वहीं उन्होंने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव प्रमोद इमलिया ने किया, तो वहीं आभार ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह बसवां ने व्यक्त किया।

### प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला

**कासगंज।** कासगंज में 9 बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। 17 जून की रात पति को ईंट-भट्ठे के बाहर बुलाया। प्रेमी के साथ मिलकर पहले गला दबा दिया। फिर सीने पर पत्थर मारकर हत्या कर दी। इसके बाद प्रेमी के साथ भाग गई। अगले दिन देवर अरविंद ने भाभी और उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कराया। 22 जून को पुलिस ने ट्यूबवेल की हौज से पति की लाश बरामद की। पुलिस ने जांच के बाद पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

# मुजफ्फरनगर में फ्लाईओवर से गिरी कार, 4 दोस्तों की मौत

## 100 की स्पीड में थी गाड़ी, रेलिंग तोड़ते हुए 20 फीट नीचे गिरी इनोवा

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में इनोवा बेकाबू होकर 20 फीट ऊंचे फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। हादसे में 4 दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। 1 गंभीर घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की स्पीड करीब 100 की रही होगी।

फ्लाईओवर पर कार अचानक लहराई। इसके बाद फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे खेत में जा गिर गई। 15 फीट लंबी और 5 फीट ऊंची कार चकनाचूर हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। अस्पताल पहुंचाया गया। जहां 4 को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल जाकर घायल का भी हाल जाना।

हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। मामला छपार क्षेत्र रामपुर तिराहे का है। पुलिस के अनुसार, कार सवार गुजरात के रहने वाले हैं। ये सभी उत्तराखंड के केदारनाथ जा रहे थे।



### घुमावदार फ्लाईओवर पर बेकाबू हुई इनोवा

हादसा छपार थाना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर हुआ। इनोवा में सवार हरियाणा की तरफ से आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी सुनील ने बताया- जहां पर हादसा हुआ है। वहां फ्लाईओवर पर घुमावदार मोड़ है। गाड़ी की स्पीड ज्यादा थी। इस वजह से चालक गाड़ी को संभाल नहीं पाया। गाड़ी फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते नीचे खेत में गिर गई। खेत में पानी भरा था।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, इनोवा में बैठे लोगों में से किसी ने भी सीट बेल्ट नहीं लगाई थी। इस वजह से एयर बैग भी नहीं खुले। हम लोग मौके पर पहुंचे। गाड़ी के गेट खुल नहीं रहे थे। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला।

पुलिस के अनुसार, हादसे में 4 की मौत हुई है। मृतकों में जिगर पुत्र मोहन जी ठाकुर, करण, अमित, विपुल शामिल हैं। जिगर गुजरात में गांधीनगर के तारापुर का रहने वाला था। बाकी तीन लोग गांधीनगर के खरगासन के रहने वाले थे। खरगासन निवासी भरत गंभीर रूप से घायल हैं। उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित परिवारों को सूचना दी है।

# भाजपा नेता और भतीजे पर अंधाधुंध फायरिंग

## भतीजे को तीन गोली लगी, एक सीने के पार हो गई; चाचा गंभीर रेफर

**गाजीपुर।** गाजीपुर में बाइक सवार बदमाशों ने भाजपा नेता और भतीजे पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। भतीजे को तीन गोली लगी है। चाचा को एक गोली लगी है। एक गोली भतीजे के पीठ से निकलकर आर-पार हो गई। आस पास के लोगों ने देखते ही दौड़ाया बदमाश फरार हो गए।

लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद भतीजे को बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घायलों की पहचान त्रिवेणी



सिंह (55) और उनके भतीजे विश्वजीत सिंह उर्फ राजन (30) के रूप में हुई है। पूरा मामला सैदपुर के खानपुर थाना क्षेत्र के कूढ़ालंबी गांव का है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दोनों एक एक सैलून में बाल कटवा रहे थे। जैसे बाहर निकले तभी उन पर हमला हो गया। दो बाइक पर चार बदमाश थे। उन्होंने कई राउंड फायरिंग की। दोनों को भागने का मौका नहीं मिला। विश्वजीत आगे था इसलिए उसे तीन गोली लगी है। एक गोली कंधे को छूकर निकल गई। दूसरी गोली बाएं पीठ से घुसकर सामने से निकली। तीसरी गोली बाएं कंधे पर लगी है। त्रिवेणी सिंह को हाथ में एक गोली लगी है। जैसे ही हम लोग दौड़े हमलावर फरार हो गए। फिर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

### ताजमहल की पार्किंग के पास हवाई फायरिंग

**आगरा।** आगरा में ताजमहल के पश्चिमी पार्किंग गेट के पास फायरिंग हुई। यहां पर बैरिकेडिंग गई थी। जहां पर किसी भी तरह के वाहन अंदर नहीं जा सकते हैं। पुलिस तैनात रहती है। वाहनों को पार्किंग पर खड़ा किया जाता है। सोमवार को सुबह मथुरा नंबर की एक कार पार्किंग के पास बैरिकेडिंग पर पहुंची थी। पुलिस ने कार सवार को इशारे से पार्किंग पर जाने को कहा। वो बैरिकेडिंग के पास कार ले आया। पुलिस ने उसे समझाया कि कार अंदर नहीं जाती है। इस पर वो बहस करने लगा। बहुत देर तक बहस के बाद उसने कार तो मोड़ ली। लेकिन, कार में सवार एक व्यक्ति ने हवाई फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तीन राउंड फायरिंग की। फायरिंग करते ही वो वहां से फरार हो गए। इससे वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने उनका पीछा करने की कोशिश की लेकिन वो भाग गए। पुलिस ने 7 घंटे बाद आरोपी लखनऊ से पकड़ा। पुलिस का कहना है कि फायरिंग करने वाला मानसिक रोगी है। आजमगढ़ का रहने वाला है। ताजमहल के पास पश्चिमी गेट पार्किंग के पास अमरूद का टीला है। घटना के बाद पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एडिशनल डीसीपी आदित्य के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। फुटेज से कार का नंबर निकाला गया। कार को कब्जे में लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मरियम नवाज के भाषण में बाधा डालने पर इमरान खान के 26 विधायक निलंबित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में शनिवार को इमरान खान की पार्टी के 26 विधायकों को मुख्यमंत्री मरियम नवाज के भाषण के दौरान कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष मलिक अहमद खान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 26 विधायकों को 15 सत्रों के लिए निलंबित करने का आदेश दिया। उन पर अशिष्ट व्यवहार और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप है। निलंबित विधायकों ने मरियम और उनके पिता व तीन बार के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ के खिलाफ नारेबाजी की थी। उन्होंने मरियम को सेना प्रतिष्ठान की ओर से चयनित मुख्यमंत्री बताया। पीटीआई विधायकों पर प्रांतीय विधानसभा में मरियम के भाषण को बाधित करने, स्पीकर की मेज के सामने विरोध प्रदर्शन करने और कुछ सत्तारूढ़ दल के सदस्यों का रास्ता रोकने का भी आरोप है। अध्यक्ष ने कहा, निलंबित विधायकों ने शुक्रवार के सत्र के दौरान एजेंडा पेपर फाड़कर सत्तापक्ष की ओर फेंकने सहित असंसदीय भाषा और नारेबाजी की। विपक्ष के 10 सदस्यों पर सत्र के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में प्रत्येक पर 2 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

### नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति विद्या देवी सीपीएन यूएमएल में शामिल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने शनिवार को सत्तारूढ़ दल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) की सदस्यता ले ली। इसके साथ ही उन्होंने फिर से सक्रिय राजनीति की घोषणा की। देश के शीर्ष संवैधानिक पद को संभालने के लिए उन्होंने एक दशक पहले पार्टी छोड़ी थी।

### पीटर ब्रुक की महाभारत का प्रीमियर लंदन के सम्मेलन में

**लंदन , एजेंसी।** मशहूर ब्रिटिश निर्देशक पीटर ब्रुक की डिजिटल तरीके से रिस्टोर की गई फिल्म महाभारत को इस वर्ष लंदन भारतीय फिल्म महोत्सव (एलआईएफएफ) में प्रीमियर किया जाएगा। वर्ष 1989 में बनी इस फिल्म में द्रौपदी की भूमिका में प्रसिद्ध कलाकार मल्लिका साराभाई हैं। फिल्म में कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने काम किया है। प्रेम, दर्शन और युद्ध की कहानी कहती यह फिल्म समूची मानवता को समाहित करने वाली गाथा का रूपांतरण है। फिल्म का प्रदर्शन निर्देशक ब्रुक की 100वीं जयंती के दिन हो रहा है। ब्रुक को वर्ष 2021 में भारत सरकार की ओर से पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। फिल्म सम्मेलन 16 से 23 जुलाई तक लंदन व बर्मिंघम में चलेगा। एलआईएफएफ 2025 में कई अन्य फिल्में भी आकर्षण का केंद्र होंगी, जिनमें तमिल-फ्रेंच फिल्म लिटिल जाफना व निर्देशक रीमा दास की असमिया फिल्म विलेज रॉकस्टार्स 2 शामिल हैं।

### खालिदा जिया की बीएनपी ने चुनाव से पहले पीआर और स्थानीय चुनावों की मांग का विरोध किया

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शनिवार को कुछ इस्लामिक पार्टियों और नई बनी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की मांगों का विरोध किया। ये पार्टियां चाहती हैं कि राष्ट्रीय चुनाव से पहले स्थानीय चुनाव कराए जाएं और चुनाव में आनुपातिक प्रतिनिधित्व (पीआर) प्रणाली लागू की जाए। बीएनपी के प्रवक्ता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि ये मांग करने वालों के पीछे छिपे इरादे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पीआर प्रणाली की बात कर रहे हैं, और जो पहले स्थानीय चुनाव की बात कर रहे हैं, उनका मकसद या तो चुनाव को टालना है या फिर बिल्कुल नहीं कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि पीआर प्रणाली बांग्लादेश की राजनीति के लिए उपयुक्त नहीं है।

### भ्रष्टाचार मामले में फंसे इस्राइली पीएम; ट्रंप समर्थन में उतरे, बोले- उन्हें बड़ा काम करना है

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी के आरोपों में फंसे हुए हैं। इस्राइली पीएम के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई भी शुरू हो गई है, जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी है और इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का समर्थन किया है। ट्रंप ने इसे राजनीतिक साजिश बताया और कहा कि यह भयावह स्थिति है। दरअसल इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू हमास, हिजबुल्ला और ईरान के साथ लड़ाई के बीच अपने देश में घिरे हुए हैं। नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे आरोप हैं। हालांकि नेतन्याहू ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया और इन्हें फर्जी बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि इस्राइल में बेंजामिन नेतन्याहू के साथ जो कुछ किया जा रहा है, वह एक भयावह स्थिति है। वह एक युद्ध नायक और प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने ईरान में खतरनाक परमाणु खतरे से छुटकारा पाने में अमेरिका के साथ मिलकर शानदार काम किया है। अहम बात ये है कि वह अभी हमास के साथ एक समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें बंधकों को वापस लाना शामिल है, लेकिन उन्हें पूरा दिन अदालत में बिताना पड़ रहा है और वो भी बिना किसी बात के! यह और कुछ नहीं वैसी ही राजनीतिक प्रताड़ना है।

# ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल को चर्चा की मंजूरी: सीनेट में 51-49 वोटों से प्रस्ताव पारित

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल को चर्चा के लिए मंजूरी दे दी है। शनिवार देर रात हुई वोटिंग में सीनेट ने 51-49 वोटों के अंतर से एक प्रस्ताव पारित किया, जिससे सदन को बिल पर बहस शुरू करने की इजाजत मिल गई। दो रिपब्लिकन सीनेटरों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। वोटिंग के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मौजूद थे। क्योंकि टाई की स्थिति में उनके वोट करने की जरूरत पड़ सकती थी। ट्रम्प टैक्स और खर्च में कटौती करने वाले इस बिल को 4 जुलाई से पहले पारित कराना चाहते हैं।

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इलॉन मस्क ने ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की है। मस्क ने शनिवार को एक्स पर लिखा, ट्रम्प का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। मस्क ने कहा, यह पूरी तरह से पागलपन भरा और विनाशकारी है। यह कानून पुराने उद्योगों को रियायत देता है, लेकिन भविष्य के उद्योगों को तबाह कर देगा। मस्क ने पिछले महीने इस बिल को लेकर ट्रम्प प्रशासन में गवर्नमेंट एफिशिएंसी विभाग के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था।

हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में फाइनल वोटिंग होगी करीब 940 पन्नों का बिग



ब्यूटीफुल बिल शुक्रवार देर रात जारी किया गया था। इस पर हफ्ते के अंत तक बहस जारी रहने की उम्मीद है, जिसमें कई संशोधन और मतदान होंगे। अगर सीनेट बिल को पास कर देता है, तो यह फाइनल वोटिंग के लिए हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में वापस आएगा। इसके बाद व्हाइट हाउस में ट्रम्प की मंजूरी के लिए जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी के पास दोनों सदनों में बहुमत है। हालांकि, डेमोक्रेट्स के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के कुछ अपने नेता ही बिग ब्यूटीफुल बिल का विरोध कर रहे हैं। यह बिल हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 22 मई को सिर्फ 1 वोट के अंतर से पास हो चुका है। इसके समर्थन में 215 और विरोध में 214 वोट मिले थे।

**बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर भिड़े थे मस्क और ट्रम्प :** ट्रम्प और मस्क 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। ट्रम्प का दावा है कि यह 'देशभक्ति से भरा हुआ' कानून है। इसके पारित होने से अमेरिका में निवेश बढ़ेगा और चीन पर निर्भरता घटेगी। जबकि मस्क इसे पोर्क फिल्ड यानी कि बेकार खर्चों से भरा बिल मानते हैं।

**ट्रम्प ने मस्क को पागल बताया, तो मस्क बोले ट्रम्प एहसान फरामोश :** ट्रम्प और मस्क के बीच 5 जून को बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर बहस तब शुरू हुई जब ट्रम्प ने मीडिया से बात करते हुए मस्क को लेकर नाराजगी जताई थी। ट्रम्प ने कहा था कि जब हमने अनिवार्य तौर पर इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के कानून में कटौती करने की बात कही तो मस्क को दिक्कत होने लगी। मैं इलॉन से बहुत निराश हूं।

मैंने उनकी बहुत मदद की है। इसके बाद मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रम्प को एहसान फरामोश बताते हुए लगातार कई ट्वीट किए। मस्क ने कहा कि मैं नहीं होता तो ट्रम्प चुनाव हार जाते। उन्होंने ट्रम्प पर महाभियोग चलाने तक की बात कही थी। इसके बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर मस्क को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा- जब मैंने उनका ईवी मैंडेट (कानूनी आदेश) वापस लिया तो मस्क पागल हो गए। ट्रम्प ने मस्क की कंपनी को दी जाने वाली सब्सिडी खत्म करने की धमकी दी थी।

### सर्बिया में सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, एक हादसा सरकार के गले की हड्डी बना

**बेलग्राड, एजेंसी।** यूरोपीय देश सर्बिया में अपनी ही सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। शनिवार को भारी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन के लिए राजधानी बेलग्राड में सड़कों पर उतरे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि देश में जल्द चुनाव कराए जाएं। हालांकि अभी सर्बियाई सरकार का कार्यकाल 2027 तक है, लेकिन सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, जिसके चलते लोग नाराज हैं। दरअसल आठ माह पहले सर्बिया में एक ट्रेन स्टेशन की छत गिर गई थी, जिसमें दबकर 16 लोगों की मौत हो गई थी। लोगों का मानना है कि भ्रष्टाचार और लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ और सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिस को पद छोड़ना चाहिए। हालांकि बीते 12 साल से सर्बिया की सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिस इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। यही वजह है कि अब लोगों ने जल्द चुनाव कराने की मांग शुरू कर दी है। सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों का नेतृत्व विश्वविद्यालय के छात्र कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन अब देश के कई हिस्सों में फैल गए हैं। विरोध बढ़ता देख इस साल की शुरुआत में सर्बिया के प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने पद छोड़ दिया था। राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिस की पार्टी के पास सर्बिया की 250 सीटों में से 156 सीटें हैं।

## इजरायली एयरस्ट्राइक में मारा गया हमास का टॉप लीडर

**येरूशलम, एजेंसी।** इज़रायली रक्षा बल, आईडीएफ ने एक बड़ी जानकारी दी है और दावा किया है कि



इजरायली सैनिकों ने गाजा सिटी के सबरा इलाके में एक टारगेटेड एयरस्ट्राइक के जरिए हमास के टॉप कमांडर हाकम मोहम्मद इस्सा अल-इस्सा को मार गिराया है। आईडीएफ ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है जिसके मुताबिक हमास का टॉप कमांडर अल-इस्सा इजरायल में हुए 7 अक्टूबर 2023 के नरसंहार का मास्टरमाइंड था, आतंकियों को ट्रेनिंग देता था और हमास के सैन्य विंग के संस्थापक सदस्यों में से एक था। आईडीएफ ने ट्वीट पर जारी किए गए अपने बयान में कहा है, टॉप कमांडर हाकम मोहम्मद इस्सा अल-इस्सा हमास की सैन्य ताकत बढ़ाने, आतंकियों को प्रशिक्षण देने का काम करता था और वह सात अक्टूबर के हमले में हुए नरसंहार की पूरी योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभा रहा था। आईडीएफ ने कहा है, अल इस्सा हमास की वायु और नौसेना हमलों की योजनाओं में भी अहम भूमिका निभा चुका था, वह मारा जा चुका है। आईडीएफ और इज़रायली सुरक्षा एजेंसी आईएसए ने बताया है कि, हम अभी सात अक्टूबर 2023 में हुए हमले में शामिल सभी आतंकियों को ढूंढ-ढूंढकर खत्म करने के अभियान को आगे भी जारी रखेंगे।

**जानिए कौन था मुहम्मद इस्सा अल इस्सा :** हमास का टॉप कमांडर मुहम्मद इस्सा अल इस्सा हमास के जनरल सिक्योरिटी काउंसिल का सदस्य, ट्रेनिंग हेडक्वार्टर का प्रमुख और अल-क़सम ब्रिगेड्स की मिलिट्री एकेडमी का सह-संस्थापक भी था, जहां वह कथित तौर पर हजारों आतंकियों को प्रशिक्षण देने और तकनीकी क्षमता विकसित करने में लगा हुआ था। अल-इस्सा के बारे में आईडीएफ ने बताया है कि उसने सीरिया और इराक में युद्ध की ट्रेनिंग ली थी और साल 2005 में सीरिया से गाजा आया था, जहां वह हमास के सैन्य संगठन का अहम हिस्सा बन गया था।

## बफेट ने छह अरब डॉलर के शेयर किए दान; शीर्ष अमीरों की सूची में एक स्थान पिछड़े दिग्गज निवेशक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अरबपति निवेशक वॉरेन बफेट ने शुक्रवार को अब तक का सबसे बड़ा सालाना दान दिया। इसके तहत उन्होंने छह अरब डॉल ( लगभग 51,300 करोड़ रुपये) मूल्य के बर्कशायर हैथवे शेयर पांच चैरिटी संस्थाओं को दान किए। इनमें सबसे अधिक दान पाने वालों में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और उनके परिवार के चलाए जाने वाले चार फाउंडेशन भी शामिल हैं।

हालांकि,बफेट ने पहले ही साफ कर दिया है कि उनकी मौत के बाद गेट्स फाउंडेशन को दान समाप्त हो जाएगा। बफेट ने इस साल कुल 12.36 मिलियन क्लास बी बर्कशायर हैथवे शेयर दान किए। इससे 2006 से अब तक उनका कुल दान 60 अरब डॉलर (करीब 5.13 लाख करोड़ रुपये) के पार हो पहुंच गया है। इस साल उन्होंने गेट्स फाउंडेशन को 94.3 लाख शेयर, सुसान थॉम्पसन बफेट फाउंडेशन को 943,384 शेयर के साथ अपने तीन बच्चों हॉवर्ड, सूसी और पीटर की चलाई जा रही हॉवर्ड जी बफेट फाउंडेशन, शेरवुड फाउंडेशन और नोवो फाउंडेशन को 6,60,366 शेयर दान किए। इस दान के बाद भी बफेट के पास बर्कशायर हैथवे के 13.8 फीसदी शेयर बने हुए हैं।

# ईरानी विदेश मंत्री की ट्रम्प को चेतावनी: कहा- खामेनेई के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल बंद करें, तभी कोई समझौता होगा

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है कि वे ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल बंद करें। अराघची ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ट्रम्प का यह रवैया न सिर्फ खामेनेई का बल्कि उनके लाखों समर्थकों का भी अपमान करता है। ट्रम्प अगर ईरान से कोई समझौता चाहते हैं तो उन्हें अपनी भाषा बदलनी होगी। अराघची का यह बयान ट्रम्प के उस दावे के बाद आया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उन्होंने खामेनेई को मरने से बचाया, नहीं तो उनकी बहुत बुरी मौत होती।

**इजराइल पर भी कसा तंज :** अराघची ने इजराइल पर भी तंज किया। उन्होंने कहा कि जब ईरानी मिसाइलें गिरती हैं तो इजराइल डर के मारे 'डैडी के पास भागने' को मजबूर हो जाता है। ट्रम्प को पहली बार नाटो चीफ मार्क रूटे ने मजाकिया अंदाज में 'डैडी' कहा था। दरअसल, ट्रम्प इजराइल और ईरान पर सीजफायर तोड़ने को लेकर नाराज थे। इस दौरान उन्होंने अपशब्द का इस्तेमाल कर दिया था। इसके जवाब में नाटो चीफ ने मजाक में कहा, डैडी को कभी-कभी कठोर भाषा का इस्तेमाल करना पड़ता है ताकि उन्हें रोका जा सके। बाद में यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ट्रम्प बोले थे- मैंने खामेनेई को भयानक मौत से बचाया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के उस दावे को झूठा करार दिया, जिसमें उन्होंने इजराइल के खिलाफ



जंग में जीत की ऐलान किया था। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर कहा था- मैंने खामेनेई को एक भयानक और अपमानजनक मौत से बचाया। मुझे यह भी उम्मीद नहीं है कि वे मुझे शुक्रिया कहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वह खामेनेई के ठिकाने से वाकिफ थे, लेकिन उन्होंने इजराइल और अमेरिकी सेना को उनकी हत्या से रोका, जिससे उनकी जान बच गई। उन्होंने आगे कहा, ईरान ग्लोबल सिस्टम में शामिल होने की जगह गुस्सा और दुश्मनी दिखा रहा है, जिसकी वजह से उनकी सेना, इकोनॉमी और भविष्य बर्बाद हो चुका है। इजराइली रक्षा मंत्री ने भी कहा था- खामेनेई को मारना चाहते थे इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा था कि इजराइल ईरान के सुप्रीम लीडर को खत्म करना चाहता था। काट्ज ने चैनल 13 के साथ एक इंटरव्यू में कहा, अगर खामेनेई हमारी पहुंच में होते, तो हम उन्हें मार गिराते। काट्ज ने कहा, इजराइल खामेनेई को खत्म करना चाहता था, लेकिन ऐसा करने का कोई मौका नहीं था। काट्ज से जब पूछा गया कि क्या इजराइल ने अमेरिका से इसकी इजाजत मांगी थी, इस पर उन्होंने कहा, हमें इन चीजों के लिए किसी की इजाजत की जरूरत नहीं है। इजराइल से जंग में मारे गए 60 ईरानी अफसरों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। इनमें 30 सैन्य कमांडर्स और 11 परमाणु वैज्ञानिक शामिल थे। तेहरान में इनके जनाजे में हजारों लोगों की भीड़ जुटी। जिन लोगों को दफनाया गया, उनमें ईरान के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी मोहम्मद बाघेरी भी शामिल थे। वे ईरानी आर्मी के चीफ ऑफ स्टाफ थे। अफसरों के शवों को गाड़ियों पर ईरानी झंडे में लिपटे ताबूतों में रखे थे। ताबूतों के साथ अफसरों की तस्वीरें भी रखी थीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाकर कलीबाफ, ज्युडिश्यरी चीफ मोहसेनी-एजेई, आईआरजीसी कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी सहित कई बड़े नेता और सैन्य अधिकारी भी जनाजे में पहुंचे।

# शादी के बाद भी नहीं थम रहा बेजोस का विरोध; प्रदर्शनकारियों ने वेनिस में निकाला मार्च, लगाए नारे

**वेनिस, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के संस्थापक और अरबपति जेफ बेजोस की शादी के बाद भी उनका विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को सैकड़ों लोगों ने वेनिस की सड़कों पर मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बेजोस और उनकी पत्नी लॉरेन सांचेज की शादी के जश्न का विरोध किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी भी की। यह शादी वेनिस में तीन दिन तक बड़े धूमधाम से चली, जिसमें दुनियाभर के मशहूर सितारे शामिल हुए।

दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बेजोस और लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को वेनिस के एक शांत द्वीप पर करीब 200 खास मेहमानों के बीच शादी की। हालांकि, वेनिस के बहुत से स्थानीय लोग इस शादी से नाराज हो गए। उनका कहना है कि इस शादी में किया गया दिखावा शहर के असली हालात से बिलकुल उल्टा है। उन्होंने कहा कि वेनिस पहले ही ज्यादा पर्यटकों, महंगे घरों और बाढ़ जैसी समस्याओं से परेशान है।

**प्रदर्शनकारियों ने शादी के तीसरे**



**दिन की नारेबाजी :** शादी के तीसरे दिन, शनिवार (स्थानीय समयानुसार) शाम को जब नवविवाहित जोड़ा अंतिम पार्टी की तैयारी कर रहा था, तो सैकड़ों वेनेशियन और प्रदर्शनकारियों ने वेनिस की छोटी सड़कों पर रंग-बिरंगे बैनर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बैनरों पर चुंबन हां, बोजोस नहीं और बेजोस नहीं, युद्ध नहीं जैसे नारे लिखे। लोगों ने यह प्रदर्शन शादी की भव्यता के खिलाफ किया। लोग इस शादी को आम नागरिकों और पर्यावरण का अपमान मानते हैं। विरोध को देखते हुए बदला गया पार्टी का स्थान प्रदर्शनकारियों में से एक मार्टिना वेरगनानो ने कहा कि हम यहां अमीर लोगों की योजनाओं को रोकने के लिए हैं, जो दूसरों का शोषण करके अमीर बने हैं। उन्होंने कहा कि वेनिस की हालत दिन प्रति दिन खराब हो रही है। पहले पार्टी शहर के बीच में होने वाली थी, लेकिन विरोध को देखते हुए इसका स्थान बदलकर पुराने शिपयार्ड आर्सेनल कर दिया गया। प्रदर्शन के आयोजकों ने इसे अपनी जीत बताया।

**बेजोस ने तीन संगठनों को दान दिए 1-1 मिलियन यूरो :** वेनिस पर्यावरण अनुसंधान संघ, कोरिला के अनुसार, बेजोस ने वेनिस के पर्यावरण की रक्षा के लिए तीन पर्यावरण अनुसंधान संगठनों को 1-1 मिलियन यूरो दान दिए। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह बस लोगों को शांत करने और अपनी छवि सुधारने की कोशिश है। विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए एक कार्यकर्ता फ्लेवियो कोगो ने कहा, हम ऐसा वेनिस चाहते हैं जो अपने लोगों के लिए हो। ये दान बस दिखावा है और बेजोस की अंतरात्मा की आवाज को दबाने का तरीका है।

# पाकिस्तान में तड़के भूकंप के तेज झटके, 5.2 की तीव्रता से कांपी धरती, दहशत में आए लोग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में रविवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आए गए और अपने घरों से बाहर आ गए। सड़कों पर लोगों के बीच अफरातफरी देखी गई। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार की सुबह 3: 54 बजे पाकिस्तान में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया।

**150 किलोमीटर की गहराई में था केंद्र :** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार रविवार तड़के आए भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में 150 किलोमीटर की गहराई में था। साथ ही इसका स्थान 30.25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 69.82 डिग्री पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। हालांकि इस भूकंप से किसी जनहानि की खबर अभी नहीं आई है, लेकिन लोगों में दहशत का माहौल है। गौरतलब है कि पाकिस्तान दुनिया के सबसे ज़्यादा भूकंपीय रूप से सक्रिय देशों में से एक है। यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। बीते माह 10 मई को भारत से जारी संघर्ष के बीच पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था, और इसका स्थान 29.67 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 66.10 डिग्री पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया था। यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटों को



ओवरलैप करता है पाकिस्तान पाकिस्तान भूगर्भीय रूप से यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटों को ओवरलैप करता है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान प्रांत ईरानी पठार पर यूरेशियन प्लेट के दक्षिणी किनारे पर स्थित हैं। सिंध, पंजाब और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर प्रांत दक्षिण एशिया में भारतीय प्लेट के उत्तर-पश्चिमी किनारे पर स्थित हैं। ऐसे में यहां ये दोनों टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती हैं इस वजह से भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी होती हैं। इनर कोर, आउटर कोर, मैनटल और क्रस्ट। क्रस्ट और ऊपरी मैन्टल कोर को लिथोस्फेयर कहते हैं। ये 50 किलोमीटर की मोटी परत कई वर्गों में बंटी हुई है जिसे टेक्टोनिक प्लेट्स कहते हैं। ये टेक्टोनिक प्लेट्स अपनी जगह पर कंपन करती रहती हैं और जब इस प्लेट में बहुत ज्यादा कंपन हो जाती हैं, तो भूकंप महसूस होता है।

# यूक्रेन के पोक्रोव्स्क शहर पर कब्जे की तैयारी में रूस: 1 लाख सैनिक तैनात किए

**मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन के सेना प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने बताया कि रूस ने पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क प्रांत में मौजूद पोक्रोव्स्क शहर पर कब्जे के लिए 1 लाख से ज्यादा सैनिक तैनात किए हैं। सिरस्की ने शुक्रवार को कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच पोक्रोव्स्क शहर सबसे तनावपूर्ण फ्रंट बन गया है। रूस पिछले साल से पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि पिछले साल यूक्रेनी आर्मी ने इस इलाके में रूसी ऑपरेशन को नाकाम कर दिया था। सिरस्की ने बताया कि पिछले साल यूक्रेन ने कुर्स्क इलाके में हमला करके रूस के लगभग 63,000 सैनिकों को वहां उलझा दिया। इससे पोक्रोव्स्क पर रूस का दबाव कम हुआ और यूक्रेन को नए सिरे से स्ट्रैटजी बनाने का मौका मिल गया।

**पोक्रोव्स्क शहर यूक्रेन के स्ट्रैटेजिक ठिकानों को जोड़ता है :** पोक्रोव्स्क शहर में सड़क और रेलवे सप्लाई लाइन मौजूद है, इस वजह से इसका स्ट्रैटेजिक महत्व काफी ज्यादा है। इसके अलावा यह यूक्रेन के कोस्तियान्तिनिवका, क्रामातोर्स्क और स्लोवियान्स्क शहरों में मौजूद मिलिट्री सेंटर्स से भी जुड़ा है। सिरस्की ने आरोप लगाया कि रूस पोक्रोव्स्क पर कंट्रोल करके दुनिया के सामने अपनी मिलिट्री ताकत का दिखावा करना चाहता है। सिरस्की ने कहा- रूसी सैनिक पोक्रोव्स्क में पहुंचकर और वहां अपना झंडा फहराकर नकली जीत का दावा करना चाहते हैं।

**रूसी हमले से पहले यहां 60 हजार लोग रहते थे :** पोक्रोव्स्क में 60,000 लोग रहते थे, लेकिन 2022 में रूसी हमले के बाद से ज्यादातर शहर छोड़ चुके हैं। इस शहर में यूक्रेन की आखिरी कोकिंग कोल खदान थी, जो इस



साल की शुरुआत में बंद हो गई। राष्ट्रपति पुतिन का टारगेट डोनेट्स्क और लुहान्स्क पर पूरी तरह कब्जा करना है, और पोक्रोव्स्क इस स्ट्रैटजी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यूक्रेन और उसके सहयोगी देशों का आरोप है कि पुतिन जानबूझकर शांति की कोशिशों में अड़चन पैदा कर रहे हैं ताकि वो यूक्रेन के ज्यादा से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर सकें। हालांकि पोक्रोव्स्क में यूक्रेन की मजबूत डिफेंस लाइन रूस के लिए मुश्किल पैदा कर रही है। यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रोका रूस का रास्ता अमेरिका के इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर के मुताबिक, यूक्रेनी आर्मी ने ड्रोन अटैक के जरिए रूसी हमलों को नाकाम कर दिया। रूस अब शहर पर सीधा हमला करने के बजाय दक्षिण और उत्तर-पूर्व से इसे घेरने की कोशिश कर रहा है। फरवरी 2022- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हमले का ऐलान करते ही यूक्रेन में रूसी टैंक धड़धड़ाते हुए घुसने लगे। तब के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बोले- पुतिन से बातचीत का कोई प्लान नहीं है। उन्होंने पूरी दुनिया को खतरे में डाल दिया है। रूस को यूक्रेन पर हमले की गंभीर कीमत चुकानी होगी।

फरवरी 2025- अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पुतिन से फोन पर 90 मिनट तक बात की। इसके बाद सऊदी अरब में यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और अमेरिकी के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई। इसमें यूक्रेन को नहीं रखा गया।

# दूसरे टेस्ट में विराट कोहली को पछाड़ सकते हैं ऋषभ पंत, एक शतक की है जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक और शतक लगाकर बड़ी उपलब्धि हासिल करने की कोशिश करेंगे। अगर पंत दूसरे टेस्ट में शतक लगाते हैं तो वह कोहली को पछाड़कर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में किसी भारतीय द्वारा मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

वर्तमान में पंत और कोहली दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में पांच शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में राहुल द्रविड़ (21 मैच) और महान सचिन तेंदुलकर (32 मैच) शीर्ष पर हैं जिन्होंने 7-7 शतक लगाए हैं। उनके बाद अजहरुद्दीन (15 मैचों में 6 शतक) का नम्बर आता है जोकि तीसरे स्थान पर हैं। चौथे नम्बर पर पंत (13 मैचों में 5 शतक) और पांचवें नम्बर पर कोहली (28 मैचों में 5 शतक) आते हैं।

गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान अपने आक्रामक अंदाज में दिखे और दोनों इनिंग्स में शतक लगाने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बने। उनकी बल्लेबाजी ने इंग्लिश गेंदबाजों को काफी परेशान किया क्योंकि वे उनके सामने पूरी तरह से बेबस नजर आए। पंत के दो शानदार शतकों के बावजूद भारत हार गया क्योंकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने 371 रनों के लक्ष्य को आसानी से पांच विकेट रहते हासिल कर लिया। पांच मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रहे शुभमन गिल और उनकी टीम बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के लिए तैयार हैं।



# छह साल के तेगबीर सिंह ने बनाया विश्व रिकार्ड, यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की





**रूपनगर (एजेंसी)।** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है।

उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग और स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया।

प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के 6 साल 9 महीने और 4 दिन की उम्र में तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे कहां पहुंचना है और आखिरकार मैं पहुंच गया और वहां अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। तेगबीर ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।'

# इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की, आर्चर टीम में नहीं



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए सोमवार 30 जून को अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की, जो बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में शुरू होगा। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त बनाई थी।

बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम में दूसरे मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उंगली की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शुरुआती लाइनअप में शामिल नहीं किया गया है। आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण एजबेस्टन में सोमवार के अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए। वहीं जोश टंग, ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज के रूप में अपनी सेवाएं जारी रखेंगे।

दूसरी तरफ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे मैच के लिए आराम दिए जाने की उम्मीद है जिससे भारत की लाइनअप में बदलाव देखने को मिल सकता है। बुमराह के अलावा भारतीय टीम में स्पिनर कुदलीप यादव को भी शामिल करने की बात सामने आ रही है जो लंदन में प्रभावी साबित हो सकते हैं।

### इंग्लैंड की प्लेइंग 11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

# ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने भारत की सबसे बड़ी कमी पर जताई चिंता



**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया।

भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाए। चैपल ने अपने कॉलम में लिखा, 'हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरूआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा, 'भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है। लेकिन भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था।'

भारत के पूर्व कोच ने कहा, 'बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को टीम में जगह मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कुलदीप यादव को भी उतारना चाहिए जो शेन वॉर्न के बाद कलाई का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।'

# भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप जीत के एक साल पूरा होने पर केक काटकर जश्न मनाया

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 की जीत के एक साल पूरे होने पर रविवार को यहां एक पार्टी आयोजित की। इसमें केक काटकर जश्न मनाया गया। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मजाकिया अंदाज में ऑलराउडर रवींद्र जडेजा की खिंचाई करने का प्रयास किया पर उन्हें करारा जवाब मिला। जडेजा ने कहा कि वह अभी एक फॉर्मेट से रिटायर हुए हैं। टी20 विश्व कप जीतने के बाद जडेजा ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था।

बीसीसीआई ने इस पार्टी का वीडियो भी सोशल मीडिया में पारी किया है। वीडियो में देखने को मिल रहा है कि पहले कोई भी खिलाड़ी केक काटने के लिए आगे नहीं बढ़ रहा था। तभी अर्शदीप सिंह आगे बढ़े तो कहा गया कि बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज थे, तो ऐसे में अर्शदीप की जगह बुमराह ने केक काटा। इसके बाद सभी खिलाड़ी एक दूसरे को केक खिलाने लगे। वीडियो में बुमराह और ऋषभ ने जडेजा को 'हैप्पी रिटायरमेंट' कहकर केक खिलाया। इसपर जडेजा सफाई देते नजर आ रहे हैं उन्होंने अभी केवल एक ही प्रारुप से संन्यास लिया है।



# आईसीसी ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना लगाया

लंदन ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर भारत के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया है। इस प्रकार इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को दोहरा झटका लगा है। इस मैच में उसे भारतीय टीम ने 97 रनों से हराया था। वहीं अब उसपर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगा है। आईसीसी के अनुसार इंग्लैंड की टीम तय समय में पूरे 20 ओवर नहीं फेंक पाई थी। इसी कारण अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रेफरी हेलेन पैक ने इंग्लैंड टीम पर यह जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने इसी को लेकर कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के न्यूनतम ओवर-रेट संबंधी नियम के तहत ही खिलाड़ियों पर तय समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच फीसदी जुर्माना लगाया जाता है। इस मामले में इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट ने सुझाई गई सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं पड़ी। आरोप चौथे अंपायर अन्ना हैरिस, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और मैदानी अंपायर जेम्स मिडलब्रुक और जैकलीन विलियम्स ने लगाए थे।

# शमी होते तो बुमराह को मिलता एक अनुभवी जोड़ीदार !



बर्मिंघम ।भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत ही दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में आराम दिया जाएगा। ऐसे में टीम को अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी की याद आई है। शमी को इस सीरीज के लिए इसलिए जगह नहीं मिली क्योंकि वह पूरी तरह से फिट नहीं थी। इससे पहले आईपीएल में उनका प्रदर्शन भी उम्मीद के अनुसार नहीं रहा था। ऐसे में उन्हें टीम में शामिल न करने के लिए प्रबंधन को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि आईपीएल 2025 में वह नौ मैचों में 56 की औसत से केवल छह विकेट ले पाये थे। वहीं इसके बाद भी शमी को खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने 5 मैचों में 25 की औसत से 9 विकेट लिए। इंग्लैंड दौरे पर 34 वर्षीय तेज गेंदबाज शमी को ना चुने जाने से उनके टेस्ट करियर के समाप्त होने की भी आशंका लगायी गयी पर ये सही नहीं है। अभी भी शमी बुमराह के लिए एक अच्छे सहयोगी हैं। आज जबकि बुमराह केवल तीन टेस्ट खेल कसते हैं तो सभी को शमी की याद आ रही है। ये भी कहा जा रहा है कि शमी को कम से कम दो टेस्ट के लिए तो शामिल किया जा सकता था। वह भी उनक मैचों में जिनमें बुमराह नहीं होते। शमी ने इंग्लैंड में 14 मैचों में 42 विकेट लिए हैं और वह टीम की ओर से अहम भूमिका निभा सकते थे। शमी के नहीं होने से टीम इंडिया अभी तक बुमराह के लिए सही जोड़ीदार तलाशने में असफल रही है। युवा मोहम्मद सिराज फॉर्म में नहीं हैं। वहीं आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा भी अनुभवी नहीं हैं।

# एशिया कप भारत में, पाकिस्तान को नहीं मिलेगी देश में एंट्री !, हॉकी इंडिया के अधिकारी का बयान आया सामने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में हॉकी पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता के बीच हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। बिहार का ऐतिहासिक शहर राजगीर 29 अगस्त से 9 सितंबर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में पुरुष एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा।

पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम की महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भागीदारी खतरे में है। टूर्नामेंट में दो महीने से भी कम समय बचा है और हॉकी इंडिया अभी भी पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम के देश में आने के लिए सरकारी मंजूरी का इंतजार कर रहा है। हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने अगस्त में एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'हम सरकार के संपर्क में हैं और हम उसके निर्देशों का पालन करेंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान टीम को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।'



पुरुषों का एशिया कप 2025-2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में काम करेगा, जिसकी मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित करेगा। इसके अलावा भारत एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की भी मेजबानी करेगा, जो 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को बाहर करने की मांग के कारण भारत में जूनियर इवेंट में पाकिस्तान की भागीदारी भी संदेह में है। उन्हें विस्तारित 24-टीम टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ रखा गया था। पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी बार 2023 में भारत का दौरा किया था, जब भारत ने चेन्नई, तमिलनाडु में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता था।

# आयुष ने यूएस ओपन सुपर 300 के साथ बीडब्ल्यूएफ टूर पर जीता पहला खिताब, तन्वी उप-विजेता रही



आयोवा (अमेरिका)। उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।


# अजहर महमूद पाकिस्तान टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बने



लाहौर ।पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद पाकिस्तान की टेस्ट क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच बनाये गये हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर के नाम की घोषणा कर दी है पर कहा है कि वह वह शुरुआत में कार्यवाहक मुख्य कोच रहेंगे। अजहर पिछले काफी समय से पुरुष क्रिकेट टीम के गेंदबाजी और असिस्टेंट कोच रहे हैं। वह अपने मौजूदा अनुबंध के समाप्त होने तक इस पद पर काम करेंगे। पिछले दो साल में पीसीबी ने कई मुख्य कोच बदले हैं, ऐसे में महमूद कब तक टिक पायेंगे ये देखना होगा। पीसीबी को भरोसा है कि अजहर कोच को खिलाड़ी और कोच के रूप में काफी अनुभव है, इसलिए वह इस भूमिका में सफल रहेंगे। पीसीबी ने कहा, एक अनुभवी क्रिकेट खिलाड़ी अजहर अब कोच के तौर पर आ रहे हैं। टीम के सहायक कोच के रूप में लंबे समय से रहने के कारण वह टीम के रणनीतिक कोर समूह का एक अहम हिस्सा रहे हैं। खेल के बारे में उनकी जानकारी काफी अच्छी है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ हीइंग्लिश काउंटी सर्किट में मिली सफलता उन्हें इस पद के लिए सबसे अधिक उपयुक्त बनाती है। महमूद की कोच के तौर पर पहली परीक्षा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के तहत दक्षिण अफ्रीका की धरती पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ शुरू होगी। ये सीरीज इस साल के अंत में खेली जाएगी।

# विश्व एथलेक्स चैम्पियनशिप में हो सकता है नीरज और अरशद का मुकाबला

नई दिल्ली ।भारत के स्टार एथलीट भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेक्स चैम्पियनशिप में उतरेगे। यहां इनका मुकाबला पाकिस्तान के अरशद नदीम से हो सकता है। अरशद भी यहां भाग लेने वाले हैं। नीरज आजकल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पारी करने के बाद पेरिस डायमंड लीग में जीत दर्ज की। साथ ही ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट भी वह पहले नंबर पर रहे हालांकि, पेरिस और ओस्ट्रावा में वह 90 मीटर की दूरी तय नहीं कर पाए। अब नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलते हुए दिखेंगे। नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट में पाकिस्तान के नदीम नहीं थे। नदीम ने इस सत्र में ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है वह फिलहाल पाकिस्तान में ट्रेनिंग में ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने पिछले एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया था जिसमें नीरज नहीं खेले थे। नदीम ने वहां 86.40 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है। उन्होंने लाहौर में एक कार्यक्रम में कहा कि मेरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है और मैं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। वह जल्द ही अभ्यास के लिए इंग्लैंड जा जा रहे हैं जहां एक माह अभ्यास करेंगे।



# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम बदलने से नाराज हैं पूर्व क्रिकेटर फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर फारुख इंजीनियर ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का नाम बदले जाने पर नाराजगी जताया है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि ये फैसला प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने साल 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम पटौदी ट्रॉफी रखा था पर इस बार इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले को दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी सही नहीं माना था। इंजीनियर भी नाम बदलने से सहमत नहीं हैं हालांकि उन्होंने माना है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाये जा सकते हैं। इंजीनियर ने कहा, 'टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे बहुत अच्छे सहयोगी थे। हमने काफी टेस्ट मैच साथ में खेले। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया।

उन्होंने कहा, 'एक ओर जहां मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि पटौदी का नाम हटा दिया गया। मैं चाहता हूं कि टाइगर का नाम इस ट्रॉफी से जुड़ा रहता लेकिन इसके बजाय सचिन और एंडरसन के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखने का फैसला किया गया जो खेल के दिग्गज हैं। इंजीनियर ने कहा, 'इसमें पटौदी पदक की शुरुआत एक अच्छा कदम है। उन्हें इसकी घोषणा शुरू में ही कर देनी चाहिए थी, इससे अधिक विश्वसनीयता होती, लेकिन कम से कम उन्होंने कुछ तो किया। उम्मीद है कि पटौदी पदक के जरिये ये नाम इससे हमेशा जुड़ा रहेगा।

पटौदी परिवार का भारत-इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की थी। इन दोनों ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला। वहीं दूसरी ओर तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन ने तेज गेंदबाज के रूप में पारंपरिक प्रारूप में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। इंजीनियर ने कहा, 'तेंदुलकर और एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इस कहानी के दो पहलू हैं। उन्होंने पदक का नाम पटौदी के नाम पर रखा है जो बहुत सोच-समझकर किया गया फैसला है। उन्होंने कहा, 'यह फैसला पटौदी के मुझे जैसे कई समर्थकों को खुश करने के लिए किया गया लेकिन आप उन्हें ट्रॉफी का नाम सचिन और एंडरसन के नाम पर रखने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते।



# अडानी ग्रीन एनर्जी ने किया 15,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को पार

### गौतम अडानी बोले- यह भारत के इतिहास में सबसे बड़ा व तेज हरित ऊर्जा निर्माण

**अहमदाबाद।**

अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने सोमवार को 15,000 मेगावाट की परिचालन क्षमता को पार कर एक उपलब्धि हासिल की है, जो अब 15,539.9 मेगावाट तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि भारत में अब तक की सबसे तेज और बड़ी क्षमता वृद्धि को दर्शाती है। भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी ने कहा कि परिचालन पोर्टफोलियो में 11,005.5 मेगावाट सोलर, 1,977.8 मेगावाट विंड और 2,556.6 मेगावाट विंड-सोलर हाइब्रिड क्षमता शामिल है। अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अडानी ग्रीन ने 15,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को पार कर लिया है, जो भारत के इतिहास में सबसे बड़ा और तेज हरित ऊर्जा निर्माण है। गौतम अडानी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि खावड़ा के रेगिस्तानी परिदृश्य से लेकर दुनिया के टॉप 10 ग्रीन पावर उत्पादकों में गौरवपूर्ण स्थान तक यह मील का पत्थर एक संख्या से कहीं ज्यादा है। यह ग्रह के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भारत के हरित पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने के हमारे संकल्प को दिखाता है। एजीईएल भारत की पहली और एकमात्र रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी है, जिसने मुख्य रूप से ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स के जरिए से यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। एजीईएल के सीईओ ने कहा कि 15,000 मेगावाट के मील के पत्थर को पार करना बहुत गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि हमारी टीम के अथक प्रयासों और समर्पण का प्रमाण है। यह हमारे प्रमोटरों के दूरदर्शी नेतृत्व और निवेशकों, ग्राहकों, टीम और भागीदारों के अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं होता, जो हर कदम पर हमारे साथ खड़े हैं।



## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 26 पैसे गिरकर 85.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जबकि शुक्रवार को रुपया 85.49 पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में छह पैसे मजबूत होकर 85.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.48 पर खुला। शुरुआती कारोबार में 85.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 85.50 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 97.25 पर आ गया।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हरियाणा में 43 एकड़ जमीन अधिग्रहण की

**मुंबई।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हरियाणा` स्थित पानीपत में 43 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर`` लिया है जिससे उसे 1,250 करोड़ रुपये से अधिक आय होने की संभावना है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने- भूखंड विकास के लिए 43 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है, जिससे 1,250 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षमता होगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हालांकि सौदे के वित्तीय विवरण की जानकारी नहीं दी। यह भूमिखंड पानीपत के सेक्टर 40 में स्थित है। इसमें करीब 10.2 लाख वर्ग फुट का आवासीय विकास किया जाएगा। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा` कि यह परियोजना 'प्लॉटेड' (भूखंड) विकास के लिए नए बाजारों में विस्तार करने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।

## जनवरी-जून में कार्यालय स्थल की मांग सात शहरों में 48 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।**

कॉरपोरेट की ओर से प्रबंधित कार्यस्थलों की बढ़ती मांग को देखते हुए सह-कार्य केंद्र चालकों ने इस साल जनवरी-जून में सात प्रमुख शहरों में सालाना आधार पर 48 प्रतिशत अधिक 65 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर लिए। एक रियल एस्टेट सलाहकार ने यह जानकारी दी। ये सह-कार्य केंद्र संचालक कार्यालय स्थलों को रियल एस्टेट डेवलपर और संपत्ति मालिकों से पट्टे पर लेकर इन्हें तीसरे पक्ष को किराए (उप-पट्टे) पर देते हैं। सह-कार्य संचालकों ने 2024``` वित्तीय वर्ष की जनवरी-जून अवधि में सात शहरों दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु में 44 लाख वर्ग फुट स्थान पट्टे पर लिया था। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून 2025 में इन सात शहरों में कार्यालय स्थल की अवशोषण मांग 13 प्रतिशत बढ़कर 337 लाख वर्ग फुट हो गई जो एक साल पहले की अवधि में 299 लाख वर्ग फुट थी।

## हिंद रेक्टिफायर्स को रेलवे से मिला 101 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** रेलवे और पावर सेक्टर के लिए इलेक्ट्रिकल उपकरण बनाने वाली कंपनी हिंद रेक्टिफायर्स लिमिटेड को इंडियन रेलवे से 101 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर न केवल कंपनी की राजस्व वृद्धि में मदद करेगा, बल्कि उसकी तकनीकी क्षमता और बाजार में भरोसे को भी और मजबूत करता है। कंपनी ने 27 जून को स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया कि यह ऑर्डर वित्त वर्ष 2025-26 से 2026-27 के बीच पूरा किया जाएगा। इस डील के अंतर्गत हिंद रेक्टिफायर्स रेलवे को इलेक्ट्रिकल कॉम्पोनेंट्स की आपूर्ति करेगी। यह ऑर्डर रेलवे के मानक नियमों और शर्तों के तहत दिया गया है। इससे कंपनी की ऑर्डर बुक मज़बूत होगी, और आगामी वर्षों में राजस्व और नकदी प्रवाह में स्थायित्व आएगा।

## भारत में जीनोमिक जांच की मांग- 2030 तक 2066 करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

### 2024 में भारतीय जीनोमिक डायग्नोस्टिक बाजार का मूल्य 55 करोड़ डॉलर था

**नई दिल्ली।**

भारत में जीनोमिक जांच की मांग में बीते दो-तीन वर्षों में तेजी देखी जा रही है। इसके पीछे क्लीनिकल जागरूकता में इजाफा, तकनीकी नवाचार और पर्सनलाइज्ड मेडिसिन को बढ़ावा मिलना जैसे कई कारण बताए गए हैं। पहले महानगरों तक सीमित यह सेवा अब मझोले और छोटे शहरों तक भी विस्तार कर रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवा के परिदृश्य मे बदलाव देखा जा रहा है। 2024 में भारतीय जीनोमिक डायग्नोस्टिक बाजार का मूल्य 55 करोड़ डॉलर था। उद्योग अनुमानों के अनुसार, यह बाजार 18 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़कर 2030 तक 2066 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। एजिलस डायग्नोस्टिक्स, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, डॉ. लाल पैथलैब्स, महाजन इमेजिंग और रेडक्लिफ लैब्स जैसी कंपनियों ने इस क्षेत्र में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की है। अब केवल दिल्ली, मुंबई और बेंगलूरु ही नहीं, बल्कि लखनऊ, भुवनेश्वर, पुणे, कोच्चि और सूरत जैसे शहरों में भी मांग में जबरदस्त इजाफा हो रहा है। आम जीनोमिक जांच जैसे बीआरसीए1/2 टेस्ट (स्तन और गर्भाशय के कैंसर की जांच) और एनआईपीटी (गर्भावस्था में भ्रूण संबंधी आनुवंशिक जोखिम आकलन) अब 5,000 से 20,000 की रेंज में उपलब्ध हैं। हालांकि ऑन्कोलॉजी पैनल और एक्सोम सीक्वेंसिंग जैसी जटिल जांच की कीमत अभी भी 2 लाख तक हो सकती है, लेकिन तकनीकी प्रगति के चलते ये जांच अब अधिक सुलभ हो रही हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 452 , निफ्टी 120 अंक नीचे आया

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार जून महीने के अंतिम कारोबारी दिन सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 452 अंकों की गिरावट के साथ ही 83,606.46 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120 अंकों की गिरावट के साथ 25,517.05 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर एसबीआई, ट्रेंट, श्रीराम फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर सबसे अधिक लाभ के साथ ही हरे निशान पर रहे जबकि टाटा कंज्यूमर, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, हीरो मोटोकॉर्प, एक्सिस बैंक के शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। आज पीएसयू बैंक इंडेक्स में 2.5 फीसदी की बढ़त रही, जबकि रियल्टी, एफएमसीजी, ऑटो, मेटल के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.6 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.8 फीसदी की तेजी रही। वहीं वित्तीय और ऑटो शेयरों में गिरावट के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में निचले स्तर पर कारोबार हुआ। मध्य पूर्व में तनाव कम होने और विदेशी पूंजी प्रवाह में मजबूत होने से जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों में तेजी के बीच ही बाजार सपाट स्तर पर खुले। आज सुबह सेंसेक्स करीब 30 अंक गिरकर 84,027.33 पर खुला। इस समय यह 119.59 अंक की गिरावट लेकर 83,939 पर कारोबार कर रहा था। सेक्टरों में निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स सबसे अधिक लाभ में रहा। इसमें 0.94 प्रतिशत की तेजी आई। जबकि निफ्टी ऑटो इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली।




वहीं एशियाई बाजारों में सोमवार को तेजी रही। जापान के निक्केई इंडेक्स में 1.6 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में 1 फीसदी की वृद्धि हुई। कोस्पी में 0.64 फीसदी की वृद्धि हुई तथा एएसएक्स 200 में 0.19 फीसदी की वृद्धि हुई। वर्ष की दूसरी छमाही में बाजार के प्रवेश के साथ ही एशियाई बाजारों में शुरुआती घंटों के दौरान अमेरिकी इक्विटी फ्यूचर्स भी तेजी से बढ़ा। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट ने सभी क्षेत्रों में मजबूत बढ़त दर्ज की। एसएंडपी 500 अपने पिछले शिखर 6,147.43 को पार करते हुए 6,173.07 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट भी लगभग 0.5 फीसदी की बढ़त के साथ नए ऑल टाइम लेवल पर बंद हुआ। जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में लगभग 1 फीसदी की वृद्धि हुई।

# सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

### सोने के भाव 95,450 रुपये, जबकि चांदी लगभग 1,05,000 रुपए

**नई दिल्ली।**

सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सोमवार को सुस्ती देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में सोने के भाव 95,450 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,05,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव तेजी, जबकि चांदी के वायदा भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 22 रुपये की तेजी के साथ 95,492 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,470 रुपये था। इस समय यह 20 रुपये की गिरावट के साथ 95,450 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉट्रेक्ट 149 रुपये की गिरावट के साथ 1,05,079 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,05,228 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 149 रुपये की गिरावट के साथ 1,05,079 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। हालांकि सोने के भाव बाद में सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 3,284.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,287.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 2.60 डॉलर की तेजी के साथ 3,290.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 35.89 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.03 डॉलर था। इस समय यह 0.13 डॉलर की गिरावट के साथ 35.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।




## अदाणी ग्रीन एनर्जी ने 15 गीगावाट परिचालन क्षमता की पार

**नई दिल्ली।**

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की परिचालन क्षमता 15.53 गीगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें 11 गीगावाट सौर और 1.9 गीगावाट पवन शामिल है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि 15,539.9 मेगावाट का परिचालन खंड 79 लाख मकानों को बिजली मुहैया करा सकता है। इसमें 11,005.5 मेगावाट सौर, 1,977.8 मेगावाट पवन और 2,556.6 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता शामिल है। एजीईएल के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा` कि हमारा लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि को 15,000 मेगावाट से बढ़ाकर 50,000 मेगावाट करना है। हम भारत और विश्व को सतत ऊर्जा समाधानों से ऊर्जा प्रदान करने के अपने लक्ष्य पर अडिग हैं। एजीईएल गुजरात के कच्छ में खावड़ा की बंजर भूमि पर 30,000 मेगावाट का दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा संयंत्र विकसित कर रही है। 538 वर्ग किलोमीटर में बना यह संयंत्र पेरिस के आकार का पांच गुना है और इसे अंतरिक्ष से भी देखा जा सकेगा। इसके पूरा होने पर यह सभी ऊर्जा स्रोतों के संदर्भ में विश्व का सबसे बड़ा विद्युत संयंत्र होगा। एजीईएल ने अब तक खावड़ा में 5,355.9 मेगावाट अक्षय ऊर्जा की संचयी क्षमता का संचालन किया है।

# यूपीआई से लेनदेन पर मिलेगा तीन फीसदी कैशबैक

### एक्सिस बैंक सुपरमनी रुपे क्रेडिट कार्ड बनवाने पर मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।**

देश में यूपीआई पेमेंट का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।` अब आपको यूपीआई पेमेंट करने पर आपको हर लेनदेन पर तीन फीसदी का कैशबैक कमाने का मौका` मिल सकता है।

इसके लिए आपको एक्सिस बैंक सुपरमनी रुपे क्रेडिट कार्ड बनवाना होगा। इस क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप्स से लिंक कर सकते हैं और पड़ोस के छोटे से दुकान पर लगे मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर इस कार्ड से पेमेंट कर सकते हैं। यह कार्ड एक्सिस बैंक और फ्लिपकार्ट ग्रुप की फिनटेक कंपनी सुपर मनी का को-ब्रांडेड कार्ड है। इसे हाल ही में लॉन्च किया गया है। यह एक लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड है। इसका मतलब हुआ कि इस कार्ड के लिए आपको कोई जॉइनिंग और एनुअल फीस नहीं देनी होगी। यह कार्ड आपको वर्जुअल के साथ-साथ फिजिकल फॉर्म में भी मिलेगा। सुपरमनी ऐप के जरिए इस कार्ड से किए गए पेमेंट पर आप 3 फीसदी कैशबैक कमा सकते हैं। इस कार्ड के जरिए दूसरे सभी एलिजिबल खर्च पर 1 फीसदी कैशबैक पा सकते हैं। दोनों कैटेगरी मिलाकर आप हर महीने मैक्सिमम 500 रुपये कैशबैक कमा सकते हैं। पेट्रोल पंपों पर 400 रुपये से लेकर 4,000 रुपये फ्यूल खरीद का पेमेंट इस कार्ड से करने पर 1 फीसदी का फ्यूल सरचार्ज नहीं देना होगा। एक बिलिंग साइकिल में मैक्सिमम 400 रुपये फ्यूल सरचार्ज माफ हो सकता है। चूंकि यह क्रेडिट कार्ड रुपे नेटवर्क पर लॉन्च किया गया है तो इस कार्ड को उन सभी ऑनलाइन वेबसाइट और मर्चेंट आउटलेट में इस्तेमाल किया जा सकता है, जो रुपे कार्ड स्वीकार करते हैं।

## यूपी से बिहार तक बदले पेट्रोल और डीजल के भाव

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 67.13 डॉलर प्रति बैरल




**नई दिल्ली।**

वैश्विक बाजार में कच्चे चे तेल की बढ़ी कीमतों की वजह से देशभर में तेल की खुदरा कीमतों पर इसका असर दिख रहा है। क्रूड एक समय गिरकर 65 डॉलर तक चला गया था, जो फिर 70 की तरफ बढ़ रहा है। हालांकि, दिल्ले ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में इसका असर नहीं दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 8 पैसे महंगा होकर 94.85 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 9 पैसे चढ़ा और 87.98 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96 पैसे गिरकर 94.44 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 1.09 पैसे नीचे आकर 87.51 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 18 पैसे गिरावट के साथ 105.23 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 17 पैसे गिरकर 91.49 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे चे तेल की कीमतों में भी तेजी दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 67.13 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ले ल्यूटीआई का भाव भी बढ़त के साथ 64.71 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

## लग्जरी बिजनेस क्लास एडिशन में बदला टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस को




**नई दिल्ली।**

टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस को ऑटोराउंडर्स कंपनी ने एक लग्जरी बिजनेस क्लास एडिशन में तब्दील कर दिया है। कंपनी ने न केवल इस एमपीवी के इंटीरियर को पूरी तरह से नया रूप दिया है, बल्कि इसके एक्सटीरियर में भी कई बदलाव किए हैं। इस वजह से यह गाड़ी अब आम एमपीवी न लगकर किसी हाई-एंड लग्जरी कार जैसी दिखाई देती है। यह कस्टमाइजेशन इनोवा जैसे पारिवारिक वाहन को प्रीमियम लुक और फील देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। ऑटोराउंडर्स पहले भी बीएमडब्ल्यू, ऑडी, मर्सिडीज, पोर्श और बेंटले जैसी ब्रांड्स की कारों को कस्टमाइज कर चुकी है। इस बिजनेस क्लास एडिशन में स्टैंडर्ड सीट्स को हटा कर हाई-कम्फर्ट कैप्टन सीट्स लगाई गई हैं, जिनमें 150-डिग्री रिक्लाइनिंग, मसाजर, वेंटिलेशन, हीटिंग, काफ सपोर्ट, यूएसबी चार्जिंग और फोन होल्डर जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इन सीटों को फर्स्ट-क्लास एयरलाइन सीट्स की तरह डिजाइन किया गया है। गाड़ी की छत पर रोल्स रॉयस से प्रेरित गैलेक्सी स्टार लाइट्स लगाई गई हैं जो इसे खास बनाती हैं। वहीं, स्काई रूफ, एंबिएंट लाइटिंग और कार्बन फाइबर फिनिश वाला स्टीयरिंग भी इस लक्जरी टच को और निखारता है। एक्सटीरियर में मेबैक-स्टाइल ग्रिल, नए प्रोजेक्टर हेडलैम्प्स, कनेक्टेड एलईडी टेल लाइट्स और कलर-कोटेड अलॉय व्हील्स जोड़े गए हैं। साथ ही गरवारे पीपीएफ कोटिंग से इसकी चमक और सुरक्षा दोनों बढ़ाई गई है। हालांकि इंजन, सस्पेंशन और ब्रेक में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# भारत के 9 तकनीकी सेक्टर 2030 तक कमा सकते हैं 738 अरब डॉलरः रिपोर्ट

### 2023 के मुकाबले करीब साढ़े तीन गुना बढ़ोतरी होगी

**नई दिल्ली।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 9 उभरते टेक्नोलॉजी सेक्टर 2030 तक देश को 588 से 738 अरब डॉलर की कमाई दिला सकते हैं। यह 2023 के मुकाबले करीब साढ़े तीन गुना बढ़ोतरी होगी, जब इनसे 164 से 206 अरब डॉलर की कमाई हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ग्रोथ भारत की तेज आरएंडडी क्षमता, पेटेंट्स और नई तकनीकों को तेजी से अपनाने की शक्ति से संभव हो सकती है। भारत के 9 संभावनाशील सेक्टर इस प्रकार हैं- ई-कॉमर्स, सेमीकंडक्टर, क्लाउड सर्विसेज़, साइबरसिक्योरिटी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी, एआई सॉफ्टवेयर और सर्विसेज, अंतरिक्ष तकनीक (स्पेस), न्यूक्लियर फिज़न और रोबोटिक्स। इन सेक्टरों को उनके उच्च पेटेंट ग्रोथ और भारी आरएंडी निवेश के आधार पर चुना गया है। 2030 तक ई-कॉमर्स मार्केट 240 से 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो इन नौ सेक्टरों की कुल कमाई का 40 फीसदी होगा। एआई टूल्स को अपनाने से यह सेक्टर 5 से 8 गुना और क्लाउड सर्विसेज 4 से 5 गुना बढ़ सकते हैं।



# सन ऑफ सरदार 2 का हिस्सा न होने पर सोनाक्षी सिन्हा ने दी प्रतिक्रिया

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने 2012 की सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार में अजय देवगन के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्होंने बात करते हुए सन ऑफ सरदार 2 में अपनी गैरमौजूदगी को लेकर प्रतिक्रिया दी। सोनाक्षी सिन्हा ने बताया कि फिल्म में कास्टिंग से जुड़े ऐसे फैसले इंडस्ट्री में आम बात हैं और इन पर ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं होती। सन ऑफ सरदार 2 में शामिल न होने पर उन्होंने कहा कि शायद फिल्म की कहानी अब किसी और दिशा में जा रही है और उसमें नए किरदार होंगे। उन्होंने कहा, मैं इस बदलाव को पूरी तरह समझती हूं और इसका सम्मान करती हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा, मैं अब प्रोफेशनल तरीके से सोचती हूं। हम इतने सालों से इस इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, तो इन बातों को समझना आ गया है। यह बहुत छोटी सी बात है, कोई बड़ी बात नहीं है। इसका मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। साल 2012 में रिलीज हुई सन ऑफ सरदार में सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में थीं। इसमें अजय देवगन ने जस्सी और संजय दत्त ने बिल्लू का किरदार निभाया था। इसमें एक्ट्रेस जूही चावला भी अहम किरदार में नजर आई थीं। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म साल 2010 की तेलुगु फिल्म मर्यादा रमन्ना की रीमेक थी।

सन ऑफ सरदार 2 में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की जोड़ी नजर आएगी। हाल ही में अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज डेट का ऐलान किया था। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह पगड़ी पहने नजर आए और लिखा, द रिटर्न ऑफ द सरदार अब 25 जुलाई को नजदीकी सिनेमाघरों में। सन ऑफ सरदार 2 की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी से होगी। मैडॉक फिल्म्स की परम सुंदरी 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म एक ऐसे कपल की कहानी है, जो उत्तर और दक्षिण भारत से है। फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा ने किया है और इसे दिनेश विजान ने प्रोड्यूस किया है।



# राणा नायडू सीजन 2 में बोल्ड और इंटिमेट सीन कहानी के लिए जरूरी

एक्ट्रेस अदिति शेट्टी ने राणा नायडू सीजन 2 में अपने बोल्ड और इंटिमेट सीन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ये सीन कहानी और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझाने के लिए जरूरी थे। अदिति शेट्टी ने कहा कि नए सीजन में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और जो भी सीन हैं, उन्हें बहुत सोच-समझकर फिल्माया गया है। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझने में मदद करते हैं। अदिति ने कहा, सीजन 2 में वास्तव में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और वे भी सावधानी से शूट किए गए हैं। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और मेरे किरदार के सफर के लिए यह मायने रखते हैं। कुछ भी बेकार नहीं था, हमने जो भी किया, उसका उद्देश्य और गहराई थी। अदिति शेट्टी ने बताया कि उन्होंने राणा नायडू सीजन 2 में काम करने के लिए हां क्यों कहा।

उन्होंने कहा, इसके कई कारण थे। मैंने पहले भी मिर्जापुर में निर्देशकों के साथ काम किया था, और मैं पहले से ही राणा नायडू सीजन 1 की बड़ी फैन थी। जब मुझे इस किरदार के बारे में पता चला, तो मैं काफी उत्साहित हुई। मेरा किरदार बहुत दिलचस्प है और कहानी के लिए अहम है। मैं अपने किरदार से काफी प्रभावित हुई। साथ ही, सीन भी जबरदस्त थे। खासकर राणा सर के साथ मेरा फेस-ऑफ सीन शानदार था। इन कुछ चीजों के चलते मैंने हां की। अदिति ने बताया कि राणा नायडू सीजन 2 में उनका किरदार तसनीम उनकी असल जिंदगी से काफी अलग है।

उन्होंने कहा, तसनीम मेरी असली जिंदगी से बहुत अलग है। मैं मस्ती करने वाली और भावनाओं को खुलकर दिखाने वाली लड़की हूं, लेकिन तसनीम ज्यादा शांत और गंभीर है। एक बात सामान्य है कि हम दोनों में फिटनेस का शौक एक जैसा है। राणा नायडू सीजन 2 में वेंकटेश दग्गुबती, राणा दग्गुबती, अर्जुन रामपाल और कृति खरबंदा लीड रोल में हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर 13 जून को रिलीज हुआ था।






# रश्मिका मंदाना बनीं मैसा, फिल्म के पोस्टर में दिखा गुस्से से दहलता विकराल रूप

पैन इंडिया की सबसे बड़ी हीरोइन रश्मिका मंदाना देशभर में जबरदस्त फैनबेस एन्जॉय करती हैं और फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं कि वो आगे क्या करने वाली हैं। गुरुवार रिलीज हुए दिलचस्प पोस्टर के बाद, रश्मिका मंदाना की अगली फिल्म मैसा से उनका लुक लॉन्च हुआ, जहां इंडस्ट्री के कई सितारों ने इस शुक्रवार सुबह उनका पोस्टर रिलीज किया। पुष्पा 2ः द रूल के बाद रश्मिका एक और पैन इंडिया फिल्म मैसा के साथ तैयार हैं। अनफॉर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बनी मैसा एक ऐसी कहानी लग रही है जिसमें एक महिला योद्धा की हिम्मत और जज़्बे को दिखाया गया है। फिल्म का पोस्टर वाकई अब तक कभी न देखा गया लुक देता है, जिसमें रश्मिका मंदाना के चेहरे का तेज और जज्बा साफ नजर आता है।

## मैसा पर बोलीं रश्मिका

रश्मिका मंदाना इस प्रोजेक्ट को लेकर खुद भी काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। उन्होंने फिल्म का टाइटल और लुक अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए एक खास कैप्शन लिखा, मैं हमेशा आपको कुछ नया... कुछ अलग... कुछ रोमांचक देने की कोशिश करती हूं..और ये... ये वैसा ही एक प्रोजेक्ट है। एक ऐसा किरदार जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया... एक ऐसी दुनिया जहां मैं पहले कभी नहीं गई...और मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था...ये गुस्से से भरा है... बहुत दमदार है... और बिलकुल असली है। मैं थोड़ी घबराई हुई हूं लेकिन बहुत खुश भी हूं। मैं सच में इंतज़ार नहीं कर सकती कि आप सब देखें हम क्या बना रहे हैं...और ये तो बस शुरुआत है।

## कैसी है फिल्म मैसा

ये फिल्म एक जबरदस्त इमोशनल एक्शन कहानी है, जो हमें गोंड जनजाति की दिलचस्प और अनदेखी दुनिया में लेकर जाती है। मैसा को लेकर बात करते हुए डायरेक्टर रविंद्र पुल्ले ने कहा, मैसा दो साल की मेहनत का नतीजा है। हम चाहते थे कि इस फिल्म की दुनिया, उसका लुक, किरदार और कहानी, हर एक चीज बिलकुल सही हो। और अब हम तैयार हैं ये कहानी दुनिया को सुनाने के लिए।

## रश्मिका मंदाना की अगली फिल्में

इसके अलावा, रश्मिका मंदाना के पास आने वाले समय में कई जबरदस्त प्रोजेक्ट्स की लाइनअप है। वह जल्द ही आयुष्मान खुराना के साथ मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी थामा में नजर आएंगी। पुष्पा 3 में भी वह अपने आइकॉनिक किरदार श्रीवल्ली के रूप में लौटेंगी। इसके साथ ही द गर्लफ्रेंड और रेनबो जैसी फिल्मों में वह इमोशन से भरे और अलग-अलग तरह के किरदार निभा रही हैं।

# द फैमिली मैन 3 में जयदीप अहलावत की एंट्री



प्राइम वीडियो की सीरीज द फैमिली मैन अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी कर रही है। बीते दिनों इसका फर्स्ट लुक सामने आया था। वहीं, 27 जून को द फैमिली मैन 3 का एनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया है। मनोज बाजपेयी की सीरीज में इस बार जयदीप अहलावत की भी एंट्री हुई है। वे विलेन की भूमिका में हैं। प्राइम वीडियो के यूट्यूब चैनल से टीजर वीडियो शेयर किया गया है। इसमें मनोज बाजपेयी खुद को लाइफ और रिलेशनशिप काउंसलर बता रहे हैं। जयदीप अहलावत की झलक है। सीरीज के तीसरे भाग में जयदीप अहलावत की एंट्री से नेटिजन्स खुश हैं। मनोज और जयदीप, दोनों सितारों को एक साथ देख दर्शकों की दिलचस्पी सीरीज के प्रति और बढ़ गई है। नेटिजन्स कमेंट कर रहे हैं कि सरदार खान और शाहिद खान आमने-सामने होंगे। बता दें कि जयदीप और मनोज गैंग्स ऑफ वासेपुर में काम कर चुके हैं। हालांकि, इसमें दोनों का साथ में कोई सीन नहीं था। गैंग्स ऑफ वासेपुर में मनोज बाजपेयी को सरदार खान के रूप में देखा गया। वहीं, शाहिद खान के रूप में जयदीप अहलावत नजर आए।

## आमने-सामने होंगे ओटीटी के सुपरस्टार

मनोज बाजपेयी और जयदीप अहलावत दोनों ही ओटीटी के धुरंधर हैं। सीरीज से लेकर ओटीटी फिल्मों तक, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दोनों की लोकप्रियता है। ऐसे में इस सीरीज में अब इन्हें एक फ्रेम में देखना दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। यह सीरीज इसी साल यानी 2025 में आएगी। हालांकि, अभी रिलीज डेट का एलान नहीं हुआ है। सीरीज का पहला सीजन 2019 में आया था। फिर दूसरा सीजन साल 2021 में आया। पिछले दोनों सीजन दर्शकों के बीच खूब लोकप्रिय रहे। इस बार कास्ट में जयदीप अहलावत के अलावा निमरत कौर की एंट्री भी हुई है। वे भी विलेन के रोल में हैं। यानी मनोज बाजपेयी का सामना दो दुश्मनो से होगा।



# शानमुखा गौतम की फिल्म में लीड रोल निभाएंगे अभिषेक



अभिनेता अभिषेक बच्चन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म हाउसफुल 5 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके अभिनय को सराहा जा रहा है और यह बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक ठाक प्रदर्शन कर रही है। अब अभिषेक के फैंस के लिए एक और बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... अभिषेक ने संदीप रेड्डी वांगा के सहायक निर्देशक शानमुखा गौतम की अगली फिल्म साइन कर ली है। वे एक एक्शन थ्रिलर फिल्म से बतौर निर्देशक डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में अभिषेक एक कसाई की भूमिका निभाएंगे जो उनके करियर का एक नया और दमदार रूप हो सकता है। फिलहाल फिल्म की कास्टिंग पर काम चल रहा है। इसका निर्माण पीपल्स मीडिया फैक्ट्री कर रही है।



# एक्टिंग करियर के सबसे सुनहरे दौर से गुजर रहीं नीना गुप्ता, टर्निंग पॉइंट साबित हुई बधाई हो

बॉलिवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता अपने करियर के उस दौर में है, जहां उनकी लोकप्रियता दिन दुनी और रात चौगुनी तरक्की पर है। एक्टिंग करियर के सबसे सुनहरे दौर से गुजर रहीं नीना गुप्ता के लिए बधाई हो टर्निंग पॉइंट साबित हुई। सिनेमा में बोल्ड रहीं नीना अब बिंदास हैं। उनके किरदारों के साथ-साथ फैशन सेन्स की भी खूब तारीफ होती है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई सीरीज पंचायत 4 से, जिसने उनकी लोकप्रियता में इजाफा किया है।

**फिल्में हों या वेब सीरीज आपने मजबूत महिलाओं वाली भूमिकाएं की हैं, मगर असल जिंदगी में अपने खुद को सबसे ज्यादा एम्पावर कब फील किया?**

सच कहूं, तो मेरे पास जब भी अच्छे पैसे होते हैं, मैं खुद को एम्पावर फील करती हूं, क्योंकि पैसों की बहुत जरूरत होती है और जब भी वो नहीं होते, तो बहुत तकलीफ होती है। सालों-साल मेरी जिंदगी में ऐसा दौर रहा जब मेरे पास पैसे नहीं थे। हमारी फील्ड ही ऐसी है कि कई बार आपके पास दो साल तक लगातार काम होता है और फिर आपके पास काम नहीं होता। मेरे साथ तो ऐसा हुआ कि पांच साल तक मेरे पास काम नहीं था और फिर जब मेरे टैक्स रिटर्न भरने आए, तो वो लोग हैरान रह गए, क्योंकि मेरे पास तो कोई कमाई थी ही नहीं। उनको लगा कि मैं झूठ बोल यही हूं। उनको ये समझ में नहीं आता कि हमारा काम कैसा है? हमारी फील्ड ही ऐसी है कि आज यहां, तो कल वहां। बहुत ही ब्रूटल फील्ड है। मैं तो इतने टॉप पर नहीं पहुंची हूं, मगर जब टॉप वालों के पास नहीं होता न, वो तो समझो बहुत कष्टकारी होता है, क्योंकि आपको एक खास तरह की जीवन शैली की आदत पड़ जाती है और पैसे न हों, तो गुजारा नहीं हो पाता।

**आप 66 साल की उम्र में भी तरह-तरह के फैशनेबल कपड़े पहनकर फैशन के गोल सेट करती हैं, चर्चा में रहती हैं।**

देखिए, कई बार लोग स्क्रीन प्रेजेंस और असल जिंदगी की ड्रेसिंग को मिक्स कर देते हैं। अब जैसे पंचायत में मैं गांव की महिलाओं की तरह साड़ी पहनती हूं, मगर वो मेरा किरदार है। जो मैं बाहर पहनती हूं, वो नीना गुप्ता है। मुझे फैशन का बहुत ज़बरदस्त शौक है। मेरे पास पैसे नहीं होते थे, मैं फैशन और कपड़ों के मामले में तब भी जुगाड़ और तोड़-जोड़ में लगी रहती थी। अब पैसे हैं, तो एक्सपेरिमेंट करती हूं, अच्छे कपड़े खरीद लेती हूं। मसाबा (उनकी बेटी) से भी मदद ले लेती हूं फैशन के मामले में। वैसे ये भी कहना चाहूंगी कि मैं अगर फैशनेबल कपड़े पहनती हूं, तो संस्कृत में एमफिल भी हूं, तो आप किसी के कपड़ों से उसे जज नहीं कर सकते।

**आज इंटरनेट के जमाने में सोशल मीडिया पर आपको काफी कम ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है, तो वो टिप्स आपको कौन देता है?**

टिप्स कौन देगा मुझे? मैं तो सोशल मीडिया पर सच ही लिखती हूं या जो मैं नीना गुप्ता हूं, वही दिखती हूं, तो मुझे कोई क्या ही ट्रोल कर लेगा? यही ट्रोल करेंगे कि सेक्सी कपड़े पहने हैं। पर वो तो बहुत अच्छी बात है न, हां, जब कभी -कभार मैं सोशल मीडिया पर कुछ गलत टैग कर दूं या फिर मीडिया पर कुछ गलत लिख दूं अथवा गलत समय पर कुछ पोस्ट कर दूं, तो मेरी बेटी मसाबा का फोन आता है कि आप ऐसा कैसे पोस्ट कर सकती हैं? मैं उसकी बात पर तवज्जो देती हूं, क्योंकि मैं मानती हूं कि उसे सोशल मीडिया के बारे में मुझसे ज्यादा जानकारी है।

**आपकी सीरीज गांव-खेड़ों की राजनीति पर आधारित है, आप कभी पॉलिटिक्स में जाना चाहेंगीं?**

नहीं मैं पॉलिटिक्स में जाने का बिल्कुल नहीं सोचती, क्योंकि मैं बहुत मुंहफट हूं और मुंहफट होना पॉलिटिक्स में नहीं चलता। वहां पर मैनिपुलेशन वाली चीजें चलती हैं, जो मुझे नहीं आतीं। वो बहुत गंदा गेम है। फिर मैं ऐसे क्षेत्र में क्यों जाऊं, जिसके बारे में मुझे कोई जानकारी ही न हो।

**पंचायत में सीजन दर सीजन आपका किरदार महिला के रूप में मजबूत होता गया?**

पंचायत सीजन 1 से लेकर सीजन 4 तक मेरा किरदार काफी इवॉल्व हुआ है। जैसे असल जीवन में धीरे-धीरे होता है। मेरा ही चरित्र क्यों अन्य महिला किरदार भी काफी मजबूत हुए हैं। खुशबू, क्रांति और रिंकी के रोल भी काफी स्ट्रॉन्ग हुए हैं और ये सब बहुत ही ऑर्गेनिक तरीके से किया गया है। ये नहीं कि किसी एक दिन सुबह उठकर मेरे किरदार को अचानक से बदल दिया गया। इसके लेखक चंदन कुमार काफी सुलझे हुए राइटर हैं। उन्होंने किरदारों को बहुत ही संतुलित ढंग से लिखा है। मुझे पंचायत की जो सबसे कमाल की बात लगती है कि मैं किसी छोटे कस्बे में चली जाऊं या किसी बड़ी पार्टी में, मेरे मंजू देवी के किरदार को सभी पहचानते हैं और मुझे ये पहचान अच्छी लगती है। मैं अपने करियर में कई बुरे वक्तों से गुजरी हूं, मगर बधाई हो मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ और उसके बाद मैं लगातार तरह-तरह की भूमिकाएं करती जा रही हूं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in